नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, शुक्रवार 5 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-262 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दीपावली पर ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत किसानों को तीसरी किश्त की राशि देकर दिया उपहार

1 लाख 10 हजार किसानों के खाते में 72 करोड़ 69 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई

■ कलेक्टर लगातार कर रहे मॉनिटरिंग

■ बैंकों में व्यवस्था बनाने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत विगत दो दिनों में 1 लाख 10 हजार किसानों के खाते में 72 करोड़ 69 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई है। जिले के किसानों में दीपावली के समय यह राशि मिलने से हर्ष व्याप्त है। इस दीपावली पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के किसानों को तीसरी किश्त की राशि देकर उन्हें उपहार दिया है। जिले में शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना के परिणाम प्रभावी रहे हैं तथा उनके जीवन में समृद्धि और

खुशहाली आई है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बैंक के अधिकारियों एवं एसडीएम से कहा है कि किसानों को राशि के आहरण में दिक्कत नहीं होना चाहिए।

इसके लिए व्यवस्था बनाने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर लगातार दौरा कर व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा 1 नवंबर को राशि अंतरण के बाद काफी बड़ी संख्या में किसानों को राशि मिली है। देर रात तक इसके लिए कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत तीसरी किश्त की राशि जिले के 1 लाख 86 हजार 475 किसानों के खाते में 123 करोड़ 90 लाख रूपए की राशि अंतरित की है। उल्लेखनीय है कि अब तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कुल 371 करोड़ 70 लाख रूपए की राशि किसानों को दी गई है। किसानों की यह दीवाली खास रहेगी। शासन की योजना के अंतर्गत पहले दो किश्त की राशि से किसानों को बहुत फायदा हुआ था। जिससे उन्होंने खेती-किसानी के उपकरण एवं सामग्री तथा घर के लिए आवश्यक सामान खरीदा था और इससे उनके जीवन में खुशहाली आई है।

गुड गवर्नेंस में छत्तीसगढ़ देश के पाँच शीर्ष राज्यों में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सर्वश्रेष्ठ शासन के लिए जाने जाने वाले शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। वर्ष 2021 में छत्तीसगढ़ को सर्वश्रेष्ठ शासित राज्यों की सूची में चौथा स्थान दिया गया है। केरल ने 1.618 अंक के साथ सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है। पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स 2021 के अनुसार छत्तीसगढ़ ने 0.872 स्कोर किया है जो विकास, इक्विटी और स्थिरता संकेतकों को देखकर तथा उसका मूल्यांकन कर नम्बर दिया गया है। पब्लिक अफेयर्स सेंटर द्वारा पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के छठे संस्करण के अनुसार, बेंगलुरु स्थित एक गैर-लाभकारी थिंक टैंक, छत्तीसगढ़ भी 0.946 स्कोर के साथ स्थिरता सूचकांक में तीसरे स्थान पर है। स्थिरता सूचकांक संसाधनों तक पहुंच और उपयोग के आधार पर राज्यों को रैंक करता है। इसका प्रभाव अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और मानव जाति पर पड़ता है। पीएआई 2021 राज्य सरकार के गुणवत्ता शासन और विशेष रूप से कोविड -19 पर अंकुश लगाने में राज्य की सरकार की भागीदारी पर प्रकाश डालता है।

संक्षिप्त खबरें

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- भारतीयों के लिए आसान होगी यात्रा

नई दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके कोवैक्सीन को आपात उपयोग के लिए मंजूरी मिलने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि इससे भारतीय नागरिकों को यात्रा करने में आसानी होगी और टीके की समता में भी इसका योगदान रहेगा। जयशंकर ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''आत्मनिर्भर भारत'' के दृष्टिकोण को वैश्विक मान्यता भी है। विदेश मंत्री ने ट्वीट किया, कोवैक्सीन को आपात उपयोग सूची में मंजूरी प्रदान किए जाने के निर्णय का स्वागत करता हूं। यह भारतीय नागरिकों को यात्रा करने में आसानी और टीका समता में योगदान देगा।''

स्कूल छात्रा ने सीजेआई को लिखी चिट्ठी तो बहाल हो गई बस सेवा

हैदराबाद। तेलंगाना में आठवीं कक्षा की एक छात्रा ने प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमणा को पत्र लिखकर अपने गांव के लिए बस सेवा बहाल करने में मदद मांगी है, जिसे कोविड-19 महामारी के बाद बंद कर दिया गया था. तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बुधवार को कहा गया कि इस मामले पर सीजेआई द्वारा सूचित किए जाने के बाद निगम ने रंगा रेड्डी जिले के गांव में बस सेवा बहाल कर दी है. प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जिले के चिदेदु गांव की रहने वाली पी वैष्णवी ने प्रधान न्यायाधीश को अपने गांव में बस सेवा बहाल करने के लिए पत्र लिखा था. उसने अपने पत्र में कहा था कि बस की सुविधा नहीं होने के कारण उसे, उसके भाई और बहन को स्कूल और कॉलेज जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सैम डिसूजा ने गिरफ्तारी से संरक्षण मांगा, हाईकोर्ट का राहत देने से इनकार

मुंबई। आर्यन खान क्रूज ड्रग्स केस के 'अहम किरदार' सैम डिसूजा ने बॉम्बे हाई कोर्ट में अर्जी देकर गिरफ्तारी से सुरक्षा की मांग की है।सैम डिसूजा के वकील पंकज जाधव ने कहा है कि हाईकोर्ट ने उन्हें राहत देने से इनकार किया है और सेशन कोर्ट जाने के लिए कहा है। डिसूजा पर शाहरुख खान की मैनेजर पूजा ददलानी को केपी गोसावी से मिलवाने का आरोप है। यही नहीं, उसने एक मीडिया इंटरव्यू में किरण गोसावी के बॉडीगार्ड के जरिए पूजा ददलानी से 50,00,000 रुपये के लेनदेन की बात कबूल की है। डिसूजा के वकील के मुताबिक, इसके बाद से ही स्पेशल इनवेस्टीगेशन टीम और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो दोनों उनके मुवक्किल के पीछे पड़ी हैं।

पीएम मोदी ने जवानों के साथ मनाई दिवाली, कहा-

जो न झुका और रुका वो नौशेरा है : मोदी

■ *पीएम मोदी की नौशेरा में जवानों संग दिवाली*

■ *जवानों का बढ़ाया हौसला, बताया परिवार*

■ *पीएम ने सर्जिकल स्ट्राइल की दिलाई याद*

■ दिवाली मनाने नौशेरा सेक्टर पहुंचे पीएम मोदी

जम्मू-कश्मीर/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने की अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में सैनिकों के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने जवानों के संग दिवाली मनाई। उनका मुंह मीठा करवाया और देश के दुश्मनों के दांत खट्टे करने वाला संदेश भी दिया।

यहां पर उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और जवानों का हाल-चाल भी जाना। पीएम ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि ये उनका वो परिवार है जिसके साथ उन्होंने अपनी हर दिवाली मनाई है। उन्होंने बताया कि पहले गुजरात के सीएम के तौर पर और फिर पीएम के रूप में उन्होंने हर दिवाली अपनी इस परिवार के साथ ही मनाई है।

पिछली सरकारों पर तंज, आत्मनिर्भर भारत का जिक्र

पीएम ने पिछली सरकारों पर तंज भी कसा। उनकी नजरों में पहले देश के जवानों के लिए जब हथियार खरीदने होते थे, तब हमेशा दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया जा रहा है। अब देश के अंदर ही अत्याधुनिक हथियार बन रहे हैं। सेना में महिला की बढ़ती भागीदारी भी पर पीएम ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि अब एनडीए और दूसरे मिलिट्री स्कूलों में भी लड़कियों को पूरा मौका दिया जा रहा है। अब आर्मी में भी उनकी सक्रियता काफी ज्यादा बढ़ गई है। इस वजह से देश की सेना की पहचान पूरी दुनिया में और ज्यादा सशक्त हुई है।

भारत हमेशा अमर रहेगा

पीएम ने जवानों की बीच भारत की मजबूत छवि का भी जिक्र किया। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि भारत आज से हजार साल पहले भी अमर था और और आने वाले हजार साल भी अमर ही रहने वाला है। अब पीएम मोदी का ये वो अंदाज है जो हर दिवाली दिखता है, ये उनका वो जोश है जो वे हर साल जवानों के साथ साझा करते हैं।वैसे 2014 में जब से नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली है, वह हमेशा ही जवानों संग ही दिवाली का पर्व मनाते हैं।

जवान हमारे देश का सुरक्षा कवचः मोदी

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि ये जवान यहां पर सीमा पर दटे रहते हैं, इसी वजह से पूरा देश चैन की नींद सो पाता है। उन्होंने सभी जवानों को देश का सुरक्षा कवच बताया और कहा कि देश में उन्हीं की वजह से शांति और सुरक्षा बनी हुई है। उन्होंने जवानों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें वीरता का जीता-जागता उदाहरण भी बताया। पीएम ने अब जवानों का हौसला तो बढ़ाया ही, इसके अलावा उनके गौरवशाली इतिहास को भी याद किया। उन्होंने नौशेरा के जवानों को बहादुर बताया और कहा कि दुश्मन जब इस धरती पर कदम रखता है, उन्हें हमेशा मुंहतोड़ जवाब मिला।

पिछले 24 घंटे में भारत में कोरोना के 12,885 केस सामने आए

■ केरल में सबसे ज्यादा 7,312 केस मिले

■ देश में पिछले 24 घंटे में 461 लोगों की हुई मौत

नई दिल्ली/ए.। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 12,885 नए केस सामने आए हैं। यह बुधवार की तुलना में 8।3त्न ज्यादा हैं। अब तक देश में कोरोना के 3,43,21,025 केस सामने आ चुके हैं। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा केस केरल में सामने आए। जबकि महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर रहा। 5 सबसे संक्रमित राज्यों की बात करें, तो केरल में 7,312 केस, महाराष्ट्र में 1193, तमिलनाडु में 962, प बंगाल में 919, मिजोरम में 526 केस सामने आए। देश में कुल मिले केस में से 84।69त्न नए केस इन्हीं 5 राज्यों से सामने आए। केरल में कुल केस के 56।75त्न केस मिले।

461 लोगों की हुई मौत

पिछले 24 घंटे में देश में 461 लोगों की मौत हुई। अब तक देश में 4,59,652 लोग कोरोना महामारी के चलते अपनी जान गंवा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा मौतें केरल में हुईं। यहां 362 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। वहीं, महाराष्ट्र में 39 लोगों की मौत हुई।

रिकवरी रेट 98.23% पहुंचा

देश में रिकवरी रेट 98।23त्न पहुंच गया है। यानी अब हर 100 लोगों में 98।23त्न लोग ठीक हो रहे हैं। पिछले 24 घंटे की बात करें तो 15,054 मरीज ठीक हुए। अब तक देश में 3,37,12,794 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, 1,48,57 लोगों का अभी भी इलाज चल रहा है। पिछले 24 घंटे में एक्टिव केस में 2,630 की कमी हुई है।

107 करोड़ वैक्सीन डोज लगी

भारत में कोरोना वैक्सीन की 1,07,63,14,440 डोज लग चुकी हैं। पिछले 24 घंटे में 30,90,920 डोज लगी हैं। पिछले 24 घंटे में 10,67,914 सैंपल की कोरोना जांच की गई।

दिवाली पर हिली धरती, गुवाहाटी समेत असम के अन्य इलाकों में 3.7 तीव्रता का भूकंप

गुवाहटी/ए.। दिवाली पर गुवाहाटी समेत असम के दूसरे हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 बताई जा रही है। ये झटके सुबह 10 बजकर 19 मिनट महसूस हुए हैं। हालांकि भूकंप से किसी तरह की जनहानि की कोई खबर नहीं है। बता दें कि भूकंप तब आया जब सभी लोग दिवाली की तैयारियों में लगे हुए थे। घरों में सजावट चल रही थी।

वैसे इससे पहले महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के सिरोंचा तालुका में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। तब रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4त्त3 मापी गई थी। उस समय भी हताहत की तो कोई खबर नहीं थी, लेकिन लोगों के बीच में एक डर घर कर गया था। इस बार भी जब दिवाली के मौके पर भूंकप आया, लोग तुरंत अपने घर से निकल बाहर आ गए। वैसे भी गुवाहाटी और असम भूंकप के लिहाज से हमेशा से ही संवेदनशील इलाके रहे हैं, ऐसे में जब भी यहां पर धरती हिलती है, लोगों का डरना लाजिमी रहता है।

इससे पहले 25 अक्टूबर को शिमला में भी भूंकप के झटके महसूस हुए थे। तब 2.1 तीव्रता का भूंकप आया था। वो भूंकप सुबह चार बजकर आठ मिनट पर आया था। ये भूंकप धरती से पांच किलोमीटर की गहराई में था, ऐसे में लोगों को इसके झटके ज्यादा महसूस हुए।

आया 3।7 तीव्रता का भूकंप

नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप की गहराई करीब 25 किमी थी। एनसीएस के मुताबिक भूकंप का केंद्र असम के सोनितपुर जिले में 35 किमी दूर तेजपुर था। हालांकि भूकंप से किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

टीएमसी के वरिष्ठ नेता सुब्रत मुखर्जी का हार्ट अटैक से निधन

बंगाल। पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुब्रत मुखर्जी का निधन हो गया है। हार्ट अटैक की वजह से सुब्रत मुखर्जी की मौत हुई है। कोलकाता में उन्होंने आखिरी सांस ली। सुब्रत मुखर्जी 75 साल के थे। सुब्रत मुखर्जी को हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें कोलकाता के स्स्चरू अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद अस्पताल पहुंचीं और उन्होंने ही अपने साथी नेता की मौत की खबर की पुष्टि की।

दिवाली से पहले दिल्ली की हवा खराब, और बदतर होंगे हालात

■ दिल्ली का एक्यूआई बेहद खराब स्तर पर

नई दिल्ली/ए.। अक्सर यह देखा गया है कि दिवाली के अगले दिन दिल्ली का प्रदूषण लेवल बहुत ज्यादा होता है। दिवाली के बाद अक्सर दिल्ली की आबोहवा इतनी खराब हो जाती है कि सांस लेना दूभर हो जाता है। लेकिन इस बार दिवाली से पहले ही बुरा हाल है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बुधवार शाम सात बजे जारी आंकड़ों के अनुसार दिवाली से पहले ही राजधानी की हवा जहरीली हो गई है। पिछले एक हफ्ते से दिल्ली का एक्यूआई खराब और बेहद खराब स्तर के बीच में बना हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक दिवाली की सुबह दिल्ली का एक्यूआई गंभीर स्तर पर यानी 459 पहुंच गया। शाम तक इसके और बढ़ने के अनुमान है। पराली, आतिशबाजी और हवा की गति कम होने के चलते यह 500 तक जा सकता है। पिछले साल की तरह इस साल भी केजरीवाल सरकार ने पटाखों पर बैन लगाया है। लेकिन इसके बावजूद दिल्ली में पटाखे जलाए जा रहे हैं और अब इसका असर भी देखने को मिल रहा है। दिल्ली के आलवा गुरुग्राम, फरीदाबाद में 400 और चरखी दादरी और बहादुरगढ़ में एक्यूआई 300 के पार चला गया है।

देश के 10 सर्वाधिक प्रदूषित शहर

दिल्ली	459
लखनऊ	374
फरीदाबाद	443
गुरुग्राम	485
बुलंदशहर	378
नोएडा	472
बागपत	342
हापुड़	404
मेरठ	328
गाजियाबाद	446

दिवाली तोहफा ▶ निशाने पर आए गैर-भाजपा शासित राज्य, यूपी, बिहार, एमपी सरकार ने घटाया वैट

पेट्रोल-डीजल के रेट में राहत पर तेज हुई सियासत

■ कांग्रेस शासित राज्य दिखा रहे हिचक

■ गैर-बीजेपी शासित ओडिशा ने भी कम किया वैट

नई दिल्ली/जयपुर/ कोलकाता। केंद्र सरकार ने छोटी दिवाली के मौके पर पेट्रोल-डीजल के उत्पाद शुल्क में 5 रुपये और 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की है। इसके बाद राज्य सरकारें भी वैट घटा रही हैं जिससे तेल की आसमान छू रही कीमतों से जनता को थोड़ी राहत जरूर मिली है। हालांकि, अब ये मुद्दा बीजेपी

और गैर-बीजेपी शासित राज्यों के बीच टकराव का विषय भी बन गया है। दरअसल, इसकी बड़ी वजह ये है कि बीजेपी शासित राज्यों ने वैट घटा दिया है, साथ ही बीजेपी के सहयोगी राज्यों ने भी कटौती कर दी है, लेकिन विपक्षी दलों वाले राज्य वैट घटाने में हिचक दिखा रहे हैं। बीजेपी और उसके समर्थित दलों द्वारा शासित राज्यों जैसे यूपी, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, गोवा, मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, और अरुणाचल प्रदेश ने केंद्र के फॉर्मूले को अपनाते हुए पेट्रोल-डीजल पर वैट में कटौती करने का फैसला लिया है।

बीजेपी ने उठाए सवाल

बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी ने विपक्षी दलों पर सवाल भी उठाए हैं। उन्होंने लिखा, ''एनडीए शासित राज्यों ने ङ्कन्ज घटा दिया है, अब कांग्रेस शासित व अन्य राज्यों महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश की बारी है।''

बंगाल में बवाल

पश्चिम बंगाल में टीएमसी भी बीजेपी के निशाने पर आ गई है। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने राज्य की ममता सरकार से वैट घटाने की मांग की है तो टीएमसी ने इसे सस्ती राजनीतिक नौटंकी करार दिया है।

राजस्थान सरकार का आया ये बयान

राजस्थान के परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा है कि राजस्थान सरकार पहले ही 2.5 परसेंट वैट घटा चुकी है, आगे और वैट कम करना है कि नहीं यह फैसला मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लेंगे। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार 2014 के बाद से अब तक लगाई गई एक्साइज ड्यूटी घटाने के लिए तैयार है तो राजस्थान सरकार भी उतना ही कम करेगी।

भाजपा मंदिरों के लिए खर्च कर रही है जनता का पैसा : योगी

अयोध्या। उत्तरप्रदेश में पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार जनता का पैसा कब्रिस्तान के लिए जमीन खरीदने पर नहीं, बल्कि मंदिरों के पुनर्निर्माण और सौंदर्यकरण पर खर्च कर रही है। राम कथा पार्क में उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे योगी ने यह भी घोषणा की कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लाभान्वित हो रहे लोगों को अगले साल होली तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा।

■ न्यूज गैलरी

दैवीय दिव्य गुणों का आहवान कर दीपावली मनानी है : ब्रह्माकुमारी

भिलाई/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अन्तर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में दीपावली पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 7 भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आत्मा रूपी दीपक अखंड और अटल जलता रहे, हमें इस दिवाली पर निर्बलता,कमजोरियां,कमियों एवं अवगुणों रूपी पुराने खाते को सर्व रूपों से समाप्त कर दैवीय दिव्य गुणों का आहवान कर दीपावली मनानी है, नवीनता को धारण करना ही आज के दिन का मंत्र है श्री लक्ष्मी का आह्वान करने के लिए हमें अवगुणों की आहुति देनी होगी7 आज के दिन नया बहीखाता शुरू करने के लिए सरलता का गुण धारण कर सरल जीवन बनाकर खुशी की दिवाली मनाओ, ज्ञान का अमृत योग की बाती से जीवन में खुशी का दीपक जगाना है7 डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा संस्था के प्रारंभ में पिता श्री ब्रह्मा बाबा द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सम्पूर्ण बागडोर दादियों को समर्पित करने के दृश्य को सुंदर भाव विभोर कर देने वाले नाटक के माध्यम से दिखाया गया और बच्चों ने शुभ संकल्पों के मोती भर के सब पर लुटाएंगे गीत पर मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी7

स्कूलों में रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक प्रशिक्षण का हुआ शुभारम्भ

धमतरी/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में ब्लॉक मुख्यालय में स्थित स्कूलों में रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कलेक्टर श्री पीएस एल्मा के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियंका महोबिया के मार्गदर्शन में जिला जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. रजनी नेल्सन ने विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रम का आज शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि धमतरी विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुर वार्ड में वेल्डर ट्रेड, मगरलोड के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डीजल मैकेनिक ट्रेड, नगरी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सिविंग टेक्नोलॉजी एवं डीजल मैकेनिक ट्रेड का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि धमतरी, मगरलोड तथा नगरी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था की संबंद्धता से आयोजित उक्त प्रशिक्षण में विद्यालय के छात्रों के साथ रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा पाठ्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन के लिए प्राचार्यों को निर्देशित किया गया।

देवव्रत सिंह को शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह ने दी श्रद्धांजली

रायपुर /नवप्रदेश। खैरागढ़ विधायक देवव्रत सिंह के निधन पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने श्रद्धांजली अर्पित करते हुये कहा कि उनका असमय जाना प्रदेश के लिये अपूरणीयक्षति है। उनकी मिलनसारिता नेतृत्व क्षमता सदा स्मरण रहेगी। ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

युवा मोर्चा ने खुला आश्रय गृह के बच्चों के साथ मनाई दिवाली

दुर्ग/नवप्रदेश। हिंदू धर्म के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली के शुभ अवसर पर युवा मोर्चा के युवाओं ने दुर्ग के पदमनाभपुर स्थित खुला आश्रयगृह में बच्चों के साथ दिप पर्व बनाया साथ ही आश्रयगृह में रह रहे बच्चों को मिठाइयां बिस्किट और फ्टाके वितरित किए दीपावली की मिठाई और पटाखे देख बच्चों के चेहरे में खुशियां छा गई युवा मोर्चा के अध्यक्ष नितेश साहू ने बताया कि समाज के संपन्न और सक्षम लोगों को इन बच्चों के मनोबल बढ़ाने के लिए आगे आना चाहिए हमें कुछ ना कुछ ऐसा करना चाहिए जिससे इन बच्चों को कभी इस बात का एहसास ना हो की वो समाज के मूल धारा से अलग है युवा मोर्चा अध्यक्ष ने बताया कि युवा मोर्चा हमेशा से ही राजनीतिक गतिविधियों के साथ सामाजिक चेतना के कार्य में भी आगे रहता है इस अवसर पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष नितेश साहू सरपंच मंडल अध्यक्ष फ्त्ते वर्मा महामंत्री सोनू राजपूत युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष नितेश बाफ्ना के राहुल पाटिल, पीयूष मालवीय, बंटी देशमुख, राजेन्द्र कुमार, हिमांशु सिंह निरंजन दुबे प्रवीण यदु, यश देवांगन गोलू ठाकुर विक्की सोनी,मोहित जैन, तुषार राजपूत एवम अन्य युवा उपस्तिथ थे।

देवव्रत सिंह का निधन, छत्तीसगढ़ राजनीति की अपूरणीय क्षति : श्रीवास्तव

रायपुर। खैरागढ़ के विधायक देवव्रत सिंह के दुखद निधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छ.ग.पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने कहा कि 52 वर्ष की उम्र में हृदयाघात से असामयिक निधन जहां परिवार के गहरा आघात है, वहीं सांसद, 5 बार विधायक रहे युवा नेतृत्व का चले जाना छत्तीसगढ़ की राजनीतिक की अपूरणीय क्षति है, कांग्रेस से सांसद, विधायक, छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहले युवा कांग्रेस अध्यक्ष जैसे पदों पर रहकर संगठन का काम करने वाले युवा देवव्रत सिंह राजनांदगांव के साथ ही पूरे प्रदेश में लोकप्रिय थे, वर्तमान में वे जनता कांग्रेस जोगी के विधायक थे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यप्रणाली के साथ कार्य कर रहे थे। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उनके साथ बिलासपुर से राजेन्द्र शुक्ला, देवेन्द्र सिंह बाटू, प्रमोद नायक आदि ने लंबे समय तक काम किया था। अंत्येष्ठी में बिलासपुर से विधायक धरमजीत सिंह, समीर अहमद शामिल हुये। उनके दुखद निधन पर प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, महापौर रामशरण यादव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक, बिल्हा प्रत्याशी राजेन्द्र शुक्ला, बेलतरा राजेन्द्र साहू, कोटा विभोर सिंह, मस्तूरी दिलीप लहरिया ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

कानूनी जागरूकता लाने हेतु शार्ट फिल्म फेस्टिवल का होगा आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष एवं छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में 09 से 12 नवम्बर 2021 को कानूनी जागरूकता पर आधारित फिल्मों का राष्ट्रीय लघु फिल्म समारोह व प्रतियोगिता का आयोजन पं. दीनदयाल उपध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में किया जा रहा है। इस समारोह के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश भर से शार्ट फिल्म की प्रविष्टिया मंगाई जाएगी। पिछले वर्ष भी इस समारोह के द्वितीय आयोजन में पूरे देश से लगभग 116 से ज्यादा शार्ट फिल्म्स शामिल थी।

शार्ट फिल्म फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच शार्ट फिल्म के माध्यम से कानूनी जागरूकता लाई जा सके। कार्यक्रम के संबंध में आगे जानकारी देते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव

श्री सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्षों में हुए फिल्म समारोह को समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ था। समारोह में प्राप्त हुई फिल्मों के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश के विभिन्न भागों में विधिक जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया।

विभिन्न विषयों पर निर्मित इन लघु फिल्मों के माध्यम से विधि के गंभीर एवं जटिल प्रावधानों को आम व्यक्तियों, विद्यार्थियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों तक मनोरंजन एवं सरल तरीकों से पहुंचाया गया। मानव तस्करी, बच्चों के अधिकार-बाल श्रमएवं बाल शिक्षा, नशा उन्मूलन एवं नशा पीड़ितों के पुर्नवास तथा सायबर क्राईम के विषय में शार्ट विडियों आमंत्रित की जाएगी।

उक्त आयोजन में शामिल फिल्में की अवधि 05 मिनट से 12 मिनट की होगी। इस कार्यक्रम के संबंध में अन्य जानकारी छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के कार्यालय से सम्पर्क करके प्राप्त की जा सकती है।

सीएम ने पैरा चारा की व्यवस्था के लिए 40-40 हजार की राशि स्वीकृत

राज्य के 6200 गौठानों को 24.80 करोड़ जारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गौठानों में पशुधन के पैरा चारे की व्यवस्था के लिए गौठान समितियों को 40-40 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। राज्य के 6200 गौठानों के लिए कृषि मंत्रालय द्वारा 40 हजार रूपए के मान से कुल 24 करोड़ 80 लाख रूपए की राशि जारी कर दी गई है। इस राशि से गौठान समितियां राज्य के किसान भाईयों द्वारा दान किए गए धान के पैरा के संग्रहण, मजदूरी एवं परिवहन पर व्यय कर सकेंगी। गोधन न्याय योजना अंतर्गत प्रदेश में निर्मित गौठानों में पशुओं की चारे की व्यवस्था के लिए किसानों द्वारा दान में दिए गए पैरा के संग्रहण हेतु मजदूरी एवं परिवहन व्यय के लिए राज्य शासन द्वारा 24 करोड़ 80 लाख रूपए की राशि आबंटित की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रदेश में 6 हजार 200 गौठान सक्रिय रूप से संचालित है। शासन द्वारा प्रति गौठान के लिए 40 हजार रूपए के मान से राशि जारी की है। यह राशि प्रबंधन समिति को प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि बीते दिनों

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने राज्य के किसान भाईयों से गौठानों में गौ माता के चारे की व्यवस्था के लिए पैरा-दान करने आग्रह किया था, ताकि गौठानों में पशुधन के लिए सूखे चारे का पर्याप्त प्रबंध हो सके। मुख्यमंत्री ने किसान भाईयों से बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान की कटाई के बाद खेतों में पैरा को जलाने की बजाय अपने गांव की गौठान समिति को पैरा-दान करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने गोधन के चारे के लिए सर्वाधिक पैरा-दान करने वाले कृषक एवं सर्वाधिक पैरा एकत्र करने वाली गौठान प्रबंध समिति को विकासखंड स्तर पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। किसान भाईयों के खेतों में धान फसल की कटाई के बाद खेतों में फैले हुए पैरा एकत्र कराने एवं गौठानों तक उसका परिवहन कराने के लिए गौठान समितियों को 40-40 हजार रूपए की राशि दी गई है, ताकि पशुधन के लिए साल भर के लिए सूखे चारे की व्यवस्था गौठानों में हो सके।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत तीसरे किश्त की राशि समय पर मिली दीपावली की खुशी हुई दुगुनी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य स्थापना दिवस पर एक नवम्बर को राज्य के किसानों को राजीव गांधी कियान न्याय योजना की तीसरी किश्त की राशि उनके के खातों में जमा करवा दी है। दीपावली त्यौहार पर समय पर राशि मिलने से किसानों के परिवार में खुशी का महौल है। किसान दीपावली का त्यौहार उत्साह से मना रहे हैं और अपने घर परिवार की जरूरते भी पूरी कर रहे हैं। बिलासपुर जिले के तखतपुर

विकासखण्ड के ग्राम निरतू करहीपारा के किसान श्री राजेन्द्र ओगरे को तीसरी किश्त के रूप में 3800 रूपए प्राप्त हुए हैं। पिछले दो किश्तों में भी हर बार इतनी ही रकम उन्हें मिली थी। राजेन्द्र ने बताया कि उसने 22 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा था। उसके पास 1.5 एकड़ खेत है। जिससे परिवार का गुजारा नहीं होता। वह शहर जाकर रोजी मजूरी भी करता है। तीसरी किश्त की राशि उसके खाते में आई है। जिससे वह अपने दोनों बच्चों के लिए फ्टाखे, नये कपड़े व मिठाई खरीद रहा है। इस तरह समय पर राशि मिलने से दीपावली त्यौहार की खुशी दोगुनी हो गई है। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम बहतराई के किसान श्री घासीराम सूर्यवंशी को के खाते में 6 हजार रूपए आए है।

राज्योत्सव में 10 वनवासियों को मिला वन अधिकार पत्र

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप जिले के अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वनवासियों को वन अधिकार मान्यता अधिनियम के तहत वनाधिकार पत्र दिए जा रहे है। इसी कड़ी में 1 नवंबर को कलाकेंद्र मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में अतिथियों के हाथों 10 वनवासियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्रदान किया गया। बांटे गए वन अधिकार पत्र का कुल रकबा 4.220 हेक्टेयर है। वनाधिकार पत्र प्राप्त करने वालों में बतौली एवं मैनपाट जनपद के 5-5 वनवासी शामिल हैं। वन अधिकार पत्र मिलने से अब इन वनवासियों को भूमि का मालिकाना हक मिल गया और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी ले सकेंगे। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय वनाधिकार मान्यता समिति के द्वारा वनाधिकार पत्र के लिए अनुमोदन किया गया था। इसके पूर्व आदिवासी विकास विभाग द्वारा निरस्त दावों का पुनः परीक्षण करते हुए दावाकर्ताओं को सुनवाई का अवसर देते हुए उनसे अपने दावों के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज जमा करने का भी मौका दिया गया था। जिले में अब तक करीब 26 हजार व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा बांटे गए है।

अतिसंवेदनशील हड़ेली में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

कोण्डागांव। मंगलवार को जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में बसे अतिसंवेदनशील ग्राम हड़ेली में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एसडीएम गौतमचंद पाटिल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन का दल ग्राम हड़ेली पहुंचा। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर में अपनी मांगों के साथ पहुंचे। शिविर में आश्रित ग्राम नेड़वाल के ग्रामीणों द्वारा ग्राम में प्राथमिक शाला खोले जाने हेतु मांग रखी गयी। इसके अतिरिक्त हड़ेली तथा मर्दापाल में ट्यूटर की नियुक्ति की मांग की गई। इसके साथ ही पेंशन, आधारकार्ड निर्माण, राशनकार्ड निर्माण एवं इनमें नामों के सुधार हेतु आवेदन प्राप्त हुए। जिनका शिविर में ही निवारण किया गया। ज्ञात हो कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए गांव में जाकर जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की मांगों एवं शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा रहा है। इसके तहत् कुधूर, तुमड़ीवाल, बेचा, कड़ेनार, हड़ेली में शिविर आयोजित किये जा चुके हैं। बुधवार को रेंगागोंदी में भी शिविर आयोजित किया गया।

न्याय योजना के तहत किसानों को राशि आहरण में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए : कलेक्टर

■ **कलेक्टर ने बैंक में किसानों से बातचीत कर वहां मिल रही सुविधाओं की ली जानकारी**

■ **बैंकों को देर शाम तक राशि वितरण करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को प्राप्त राशि आहरण के लिए बैंकों की व्यवस्था का जायजा लेने ग्राम घुमका और खैरागढ़ पहुंचे। उन्होंने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम घुमका और खैरागढ़ विकासखंड मुख्यालय के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैंक में किसानों से बातचीत कर वहां मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने बैंक के अधिकारी से कहा कि किसानों को राशि आहरण में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। दीपावली से पहले किसानों को बोनस की राशि का वितरण करें। उन्होंने बैंकों को देर शाम तक राशि वितरण करने के निर्देश दिए। जिससे अधिक से अधिक किसानों को राशि का वितरण हो सके। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बैंकों में पुलिस जवान तैनात करने कहा। इस दौरान उन्होंने बैंकों में राशि उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसान एटीएम का उपयोग जरूर करें। एटीएम में राशि उपलब्धता की जानकारी चस्पा करें। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैंक में किसानों से राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत मिलने वाली राशि की उपयोगिता के बारे में पूछा। घुमका निवासी किसान श्री जीवन लाल वर्मा ने खुश होकर बताया कि दीपावली के पहले राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत राशि मिलने से बहुत खुश है। तीसरे किश्त के रूप में 10 हजार रूपए की राशि मिली है। वे इस राशि से दीपावली की खरीदी और कृषि कार्य में उपयोग करेंगे। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक घुमका के अधिकारी ने बताया कि कल 700 किसानों को लगभग 70 लाख रूपए की राशि का वितरण किया गया है। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खैरागढ़ में 635 लोगों को लगभग 83 लाख रूपए की राशि का वितरण किया गया।

आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में 445 लोगों का बनाया आयुष्मान कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के साईस कॉलेज मैदान में 28 अक्टूबर से 1 नवबंर तक आयोजित हुये आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने स्टॉल (हमर अस्पताल) लगाया था। स्टॉल के माध्यम से कोविशील्ड के 224 एवं को-वैक्सीन के 139 टीके लगाए गए तथा 45 लोंगो की कोविड जॉच की गई। 1450 लोगों को ओ.पी.डी., 16 को आई.पी.डी. एवं इमरजेंसी तथा 2 लोंगो को रिफ्र कर स्वास्थ्य सुविधाए दी गई है। यह 600 लोगों का ब्लड टेस्ट भी किया गया तथा 445 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। हमर अस्पताल थीम अधारित स्टॉल में ओ.पी.डी सेवाये के साथ ही इमरजेंसी सेवाये के लिए चार बेड लगाकर आई.पी.डी., डे केयर के लिये भी रखा गया। इसी तरह स्टॉल में 24 घंटे 108 एवं एम्बुलेंस सेवाये इमरजेंसी रिफ्रल के लिये भी रखा गया। इस अवसर पर आयुष्मान कार्ड के लिये राज्योत्सव परिसर में रैली निकालकर जन जागरूकता बढ़ाया गया और लोगों का कार्ड भी बनाया गया।

राज्य उत्सव -अपना जीवंत स्केच देखकर कलेक्टर भी हुए कायल

छात्र हर्ष रजक द्वारा बनाई गई ड्राईंग को राज्योत्सव में मिली भरपूर सराहना

-कला उत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चांटीडीह बिलासपुर में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र हर्ष रजक की ड्राईंग कला को जो भी देखता है मंत्रमुग्ध हो जाता है। विगत दिवस पुलिस ग्राउंड में आयोजित राज्योत्सव मेले मे शिक्षा विभाग के स्टाल में छात्र की इस कला प्रतिभा को देखकर अतिथियो के साथ-साथ दर्शक भी कायल हो गये थे। हर्ष ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और डॉ. सारांश मित्तर का जीवंत

स्केच बनाया था जिसकी भरपूर सराहना उसे मिली। अब कला उत्सव में भी यह छात्र छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा।

छात्र आज हर्ष अपने स्कूल के शिक्षको और परिजनों के साथ कलेक्टर से मिलने पहुंचा और उनसे औपचारिक मुलाकात कर अपने द्वारा बनाया गया उनका स्केच भेंट किया। कलेक्टर उसकी प्रतिभा से बहुत ही प्रभावित हुए एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्र की मांग पर संस्था में इसी प्रकार की गतिविधियों के लिए एक अतिरिक्त कक्ष बनवाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर शाला प्राचार्य श्रीमती अलका अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक विधि प्रकोष्ठ श्री संदीप चोपड़े, संस्था के व्याख्याता श्री सुनील कौशिक तथा माता ईश्वरी रजक, पिता श्री संतोष रजक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि छात्र हर्ष का परिवार अत्यंत गरीब है। उसके पिता होटल में वेटर है और माता दूसरो के घरो में काम करती है। इस तरह उनके परिवार का गुजारा होता है। हर्ष को बचपन से ही ड्राइंग पेंटिंग का शौक है। गरीबी उसकी प्रतिभा में बाधक नही बनी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चांटीडीह में दाखिला पश्चात् यहां के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने उसे लगातार प्रोत्साहित किया एवं कला उत्सव एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने का उसे अवसर प्रदान किया जिससे उसकी कला में निरंतर निखार आता गया। वर्तमान में छात्र की बनाई हुई ड्राइंग रायपुर में आयोजित कला उत्सव के लिए चयनित हुई है। जिसमें वह बिलासपुर की ओर से राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा।

दीपावली पर मुख्यमंत्री ने न्याय योजना के अंतर्गत किसानों को राशि देकर दिया उपहार

1 लाख 10 हजार किसानों के खाते में 72 करोड़ 69 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत विगत दो दिनों में 1 लाख 10 हजार किसानों के खाते में 72 करोड़ 69 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई है। जिले के किसानों में दीपावली के समय यह राशि मिलने से हर्ष व्याप्त है। इस दीपावली पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के किसानों को तीसरी किश्त की राशि देकर उन्हें उपहार दिया है। जिले में शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना के परिणाम प्रभावी रहे हैं तथा उनके जीवन में समृद्धि और खुशहाली आई है।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बैंक के अधिकारियों एवं एसडीएम से कहा है कि किसानों को राशि के आहरण में दिक्कत नहीं होना चाहिए। इसके लिए व्यवस्था बनाने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर लगातार दौरा कर व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा 1 नवंबर को राशि अंतरण के बाद काफी बड़ी संख्या में किसानों को राशि मिली है। देर रात तक इसके लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत तीसरी किश्त की राशि जिले के 1 लाख 86 हजार 475 किसानों के खाते में 123 करोड़ 90 लाख रूपए की राशि अंतरित की है। उल्लेखनीय है कि अब तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कुल 371 करोड़ 70 लाख रूपए की राशि किसानों को दी गई है। किसानों की यह दीवाली खास रहेगी। शासन की योजना के अंतर्गत पहले दो किश्त की राशि से किसानों को बहुत फायदा हुआ था।

न्याय योजना के तहत तीसरे किश्त की राशि समय पर मिली दीपावली की खुशी हुई दुगुनी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य स्थापना दिवस पर एक नवम्बर को राज्य के किसानों को राजीव गांधी कियान न्याय योजना की तीसरी किश्त की राशि उनके के खातों में जमा करवा दी है। दीपावली त्यौहार पर समय पर राशि मिलने से किसानों के परिवार में खुशी का महौल है। किसान दीपावली का त्यौहार उत्साह से मना रहे हैं और अपने घर परिवार की जरूरते भी पूरी कर रहे हैं। बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम निरतू करहीपारा के किसान श्री राजेन्द्र ओगरे को तीसरी किश्त के रूप में 3800 रूपए प्राप्त हुए हैं। पिछले दो किश्तों में भी हर बार इतनी ही रकम उन्हें मिली थी। राजेन्द्र ने बताया कि उसने 22 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा था। उसके पास 1.5 एकड़ खेत है। जिससे परिवार का गुजारा नहीं होता। वह शहर जाकर रोजी मजूरी भी करता है। तीसरी किश्त की राशि उसके खाते में आई है। जिससे वह अपने दोनों बच्चों के लिए फटाखे, नये कपड़े व मिठाई खरीद रहा है।

भाई दूज तक चलने वाला पांच दिवसीय पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति की गौरव-गाथा है

रायपुर । छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश वासियों को पांच दिवसीय दीपावली पर्व पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

अपने शुभकामना संदेश में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि भारत को विभिन्न त्यौहारों का देश कहा जाता है। धनतेरस से लेकर भाई दूज तक चलने वाला ये पांच दिन का दीप-पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति की गौरव-गाथा है। दीपावली का पर्व भारतीय संस्कृति का गौरव है।

यह पर्व रोशनी का है, और अंधकार को दूर करता है, इसलिए यह पर्व ज्ञान का प्रकाश पहुँचाने के संकल्प का पर्व भी कहलाता है। दीपावली का त्यौहार भारत की एकता-अखंडता, भाई-चारे, सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक भी है।

डॉ. महंत ने ''गोवर्धन पूजा'' को छत्तीसगढ़ का लोक-पर्व बताते हुए प्रदेश के कृषक बंधुओं को इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि-गोधन हमारी कृषि का आधार है, इसलिए इसके संरक्षण, संवर्धन और उन्नयन की दिशा में और अधिक प्रयास किये जाने चाहिए। डॉ महंत ने कहा ''भाई-दूज'' का पर्व भाई और बहन के पवित्र रिश्ते और स्नेह का प्रतीक है।

डॉ. महंत ने कहा कि दीपावली मनाने की सार्थकता तभी है जब हमारे भीतर का अंधकार दूर हो। डॉ. महंत ने कहा कि दीपावली के इस त्यौहार में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक नागरिक को धन, सुख-समृद्धि, सफलता एवं सम्पन्नता का अपूर्व भण्डार प्राप्त हो तथा दीपावली पर्व समस्त नागरिकों के जीवन में नया प्रकाश लेकर आये।

रेनो इंडिया ने छत्तीसगढ़ में एक ही दिन में 300 कारों की डिलिवरी की

रायपुर । भारत में अपने ऑपरेशंस के 10वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी रेनो ने आज धनतेरस के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी 300 कारों की डिलीवरी दी है। वर्तमान में इस राज्य के अंदर रेनो इंडिया के 11 सेल्स आउटलेट मौजूद हैं और वाहनों का यह डिलीवरी समारोह रायपुर शहर में संपन्न हुआ। इस डिलीवरी लाइन-अप में काइगर, क्विड, ट्राइबर और डस्टर समेत समूचे पोर्टफोलियो के उत्पाद शामिल थे। कारों की डिलीवरी वाली इस ईवेंट का आयोजन रेनो रायपुर- महादेवा कार्स प्रायवेट लिमिटेड में रेनो इंडिया ऑपरेशंस के कंट्री सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर . वेंकटराम ममिलापल्ले की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बात करते हुए रेनो इंडिया ऑपरेशंस के कंट्री सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर . वेंकटराम ममिलापल्ले ने कहा, रेनो इंडिया के लिए यह फेस्टिव सीजन एक अच्छे नोट पर शुरू हुआ है। एक ही दिन में 300 रेनो कारों की डिलीवरी करने वाला माइलस्टोन अपने ग्राहकों को बेस्ट-इन-क्लास अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री के कार्यकाल से प्रभावित होकर युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश

रायपुर। एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता ग्राम उमरवाही समापन कार्यक्रम में मुख्यतिथि भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हीरेन्द्र साहू जी प्रदेश भाजयुमो मंत्री कैलाश शर्मा जी जनपद छुरिया उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर जी सभापति जनपद छुरिया किसुन साहू जी जनपद सदस्य कौसल चंद्रवंशी जी जिला प्रशिक्षण प्रमुख अनंत तिवारी जी भाजयुमो मंडल कुमर्दाअध्यक्ष मुकेश साहू जी भाजयुमो महामंत्री ठाकुर राम यादव जी राजू गिरी भाजयुमो स कोषाध्यक्ष साहिल सांखला लक्ष्मीचंद सांखला सूबेदार सिन्हा जी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुकेश साहू भाजयुमो महामंत्री ठाकुर राम यादव के नेतृत्व में जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष हीरेन्द्र साहू भाजयुमो प्रदेश मंत्री कैलाश शर्मा जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर किसुन साहू जी समक्ष उमरवाहि के 33 युवा साथी ने किया भाजपा प्रवेश हरीश अलेन्द्र सागर नायक बालकृष्ण नायक ,मोहित भुआर्य, अरविंद देवहारे, किसोर भुआर्य, दुमेश मालिया ,भूपेश्वर मालिया, डी एस साहू ,मनेश रावटे ,अक्षय उरवर्सा ,पंकज उरवर्सा ,चुम्मन उरवर्षा ,अभिषेख देवहारे, अविनाश देवहारे ,प्रशांत सेन्डे, बीरेंद्र कुमार , ज्ञानिक कुमार, शेखर नायक, डेमन चनाप, यासीन खान ,अनिल भुआर्य , झालेन्द्र भुआर्य, हीरेन्द्र कुमार, रितेश तारम, लालेश्वर कुमार, निखिल मालिया, रोमन कुमार, आशुकुमार ,गिरीश कुमार, मोनू उरवर्सा ,नारायण भुआर्य, नागेश रावटे आदि उपस्थित रहे,युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्य और वैशविक नीति से प्रभावित हो कर बी जे पी का दामन थामने का संकल्प लिया।

डॉ. सेंगर ने कुलपति का पदभार ग्रहण किया

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ. एस.एस. सेंगर ने आज पदभार ग्रहण किया। निवृतमान कुलपति डॉ. एस.के. पाटील ने डॉ. सेंगर को कार्यभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के निवृतमान कुलपति डॉ. एस.के. पाटील का कार्यकाल समाप्त होने के कारण छत्तीसगढ़ की राज्यपाल एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति सु अनुसुईया उईके द्वारा डॉ. एस.एस. सेंगर निदेशक शिक्षण को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आगामी आदेश तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर का दायित्व सौंपा गया है। डॉ. सेंगर द्वारा पदभार ग्रहण किये जाने के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव जी.के. निर्माम, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. आर.के. बाजपेयी, निदेशक विस्तार डॉ. के.एल. नंदेहा, वित्त नियंत्रक आर.पी.एस. चौहान, कृषि महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. एम.पी. ठाकुर, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनय पाण्डेय एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एम.पी. त्रिपाठी सहित विश्वविद्यालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

32 लाख की सोना चोरी का मास्टरमाइंड निकला ड्राइवर

कोरबा। रायपुर के सराफा कारोबारी की कार से कोरबा में 32 लाख की सोना चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस चोरी का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि कार का ड्राइवर ही निकला। मिली जानकारी के मुताबिक सराफा कारोबारी का ड्राइवर ने अपने दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर कार का शीशा तोड़कर गोल्ड चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पूरा जेवर भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच संदेहियों से पूछताछ में पूरा मामले का खुलासा हो गया। पता चला कि जिस कार में आए थे, उस कार का ड्राइवर ही सरगना निकला। जो दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी और घटना को अंजाम दिया था। रतन ज्वेलर्स के 2 कर्मचारी अकाश वालेचा और कार का चालक रवि साहू कोरबा सोने का सेल करने गए थे। कोरबा पुलिस ने रायपुर के कबीर नगर से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी के लगभग सभी जेवर पुलिस ने बरामद कर लिया है।

तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार को मारी टक्कर,पिता की मौत,पुत्र घायल

जांजगीर । जांजगीर जिले में सोमवार देर रात टैंकर की टक्कर से पिता की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल है। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिता के श रीर के टुकड़े-टुकड़े होकर सड़क पर बिखर गए। हादसे के बाद टैंकर का ड्राइवर मौके से भाग निकला। इससे गुस्साए लोगों ने सड़क पर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने लोगों को शांत किया। जानकारी के मुताबिक, हसौद क्षेत्र के अम्लीडीह निवासी नंदलाल सतनामी 45 वर्ष अपने बेटे रामनाथ 20 वर्ष के साथ दीपावली की खरीदारी करने के लिए सोमवार देर शाम निकले थे। बाजार से लौटने के दौरान रात करीब 8 बजे गांव के पास ही फैक्ट्री से फ्लाई ऐश लेकर जा रहे एक टैंकर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पिता-पुत्र उछल कर सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान नंदलाल टैंकर में फंस गया और शरीर के टुकड़े-टुकड़े होकर सड़क पर बिखर गए। शव की इतनी बुरी हालत थी कि उसे काफी मुश्किल से उठाया जा सका।सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स के साथ ही तहसीलदार भी पहुंचे। फरार टैंकर चालक की पुलिस तलाश में जुटी है।



भाई के द्वारा बहन के प्रती समर्पण पर्व है भाईदूज

आज भाईदूज, यम द्वितीया को भगवान चित्रगुप्त कमल,दवात की होगी पूजा

दीपावली के पांच दिवसीय महोत्सव का समापन भाई दूज के साथ होगा

भोपाल मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया की कार्तिक शुक्ल पक्ष भाई दूज शनिवार 6 नवंबर को दीपावली के पांच दिवसीय महोत्सव का समापन भाई दूज या यम द्वितीया के दिन होता है। भाई दूज का पर्व दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। इस पर्व को यम द्वितीया भी कहा जाता है, इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और उनकी बहन यमुना के पूजन का विधान है। राखी की तरह ही ये त्योहार भी भाई बहन को समर्पित होता है। इस दिन भाई अपनी बहनों से मिलने उनके घर जाते हैं। बहने भाई का तिलक और आरती कर उनकी नजर उतारती हैं। इस साल भाई दूज का त्योहार 06 नवंबर को पड़ रहा है। भाई के द्वारा बहन को तिलक लगवाने के बाद वस्त्र, मिठाई, दक्षिणा, देकर चरण स्पर्श करेंगे।

भाई दूज की तिथि और मुहूर्तः हिंदी पंचांग के अनुसार भाई दूज या यम द्वितीया का पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस साल द्वितिया तिथि 05 नवंबर को रात्रि 11 बजकर 14 मिनट से लग कर, 06 नवंबर को शाम 07 बजकर 44 मिनट तक रहेगी। इस आधार पर द्वितीया तिथि 06 नवंबर को मानी जाएगी। इसलिए भाई दूज का त्योहार 06 नवंबर , दिन शनिवार को मनाया जाएगा। 'योतिषाचार्यों के अनुसार इस दिन भाईयों को तिलक लगाने का शुभ मुहूर्त दिन में 01.10 से 0×.21 बजे तक है।

भाई दूज की पौराणिक कथाः पौराणिक कथा के अनुसार धर्मराज यम और यमुना भगवान सूर्य और उनकी पत्नी संध्या की संतान थे। लेकिन संध्या देवी भगवान सूर्य के तेज को सहन न कर पाने के कारण अपनी संतानों को छोड़ कर मायके चली गईं। अपनी जगह अपनी प्रतिकृति छाया को भगवान सूर्य के पास छोड़ गई थी। यमराज और यमुना छाया की संतान न होने के कारण मां के प्यार से वंचित रहते थे, ले कि न दोनों ही भाई बहन में आपस में खूब प्यार था। शादी होने बाद धर्मराज यम, बहन के बुलाने पर यम द्वितीया के दिन उनके घर पहुंचे थे। जहां यमुना जी ने भाई की सत्कार कर, उनको तिलक लगा कर पूजन किया। तब से इस दिन भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है।

महाराज चित्रगुप्त जी की जीवनी

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार एक बार ब्रह्मा जी ने सूर्य देवता से कहा कि वह 11000 वर्षों के लिए समाधिस्थ होने जा रहे हैं। और वह इस वक्त सृष्टि की रक्षा करें। 11000 वर्षों के बाद जब उनकी समाधि टूटी तो उन्होंने देखा कि उनके समक्ष कोई दिव्य व्यक्ति कलम और दवात लिए खड़ा है। जब ब्रह्मा जी ने उनसे परिचय पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका जन्म आपकी काया से हुआ है। इसलिए मेरा नामकरण करने के आप योग्य हैं अतः मेरा नामकरण करें व मुझे कोई कार्य बताएं। तो इस पर ब्रह्मा जी ने कहा कि तु हारी दी मेरी काया से हुई है इसलिए तु हें कायस्थ नाम देता हूं। और तुम पृथ्वी पर चित्रगुप्त के नाम से वि यात होगे। और तु हारा कार्य धर्मराज यमराज के दरबार में मनुष्य के कर्मो का व उनके जीवन मृत्यु का लेखा-जोखा रखोगे।

ब्रह्मा जी चित्रगुप्त को आशीर्वाद देते हुए अंतर्ध्यान हो गए। बाद में भगवान चित्रगुप्त का विवाह एरावती व सुदक्षणा से हुआ। सुदक्षणा से उन्हें श्रीवास्तव, सूरजध्वज, निगम व कुलश्रेष्ठ नामक चार पुत्र प्राप्त हुए। जबकि एरावती से उन्हें आठ पुत्रों की प्राप्ति हुई जो इस प्रकार से हैं माथुर, कर्ण, सक्सेना, गौड, अस्थाना, भटनागर, अंबष्ट और बाल्मीकि के नाम से धरती पर वि यात हुए।

भाई दूज का त्योहार

जानिए पूजन का शुभ मुहूर्त और पौराणिक कथा

दीपावली के पांच दिवसीय महोत्सव का समापन भाई दूज या यम द्वितीया के दिन होता है। भाई दूज का पर्व दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। इस पर्व को यम द्वितीया भी कहा जाता है, इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और उनकी बहन यमुना के पूजन का विधान है। राखी की तरह ही ये त्योहार भी भाई बहन को समर्पित होता है। इस दिन भाई अपनी बहनों से मिलने उनके घर जाते हैं। बहने भाई का तिलक और आरती कर उनकी नजर उतारती हैं। इस साल भाई दूज का त्योहार 06 नवंबर को पड़ रहा है। आइए जानते हैं इसकी तिथि, मुहूर्त और पौराणिक महत्व....

भाई दूज की तिथि और मुहूर्त

हिंदी पंचांग के अनुसार भाई दूज या यम द्वितीया का पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस साल द्वितिया तिथि 05 नवंबर को रात्रि 11 बजकर 14 मिनट से लग कर, 06 नवंबर को शाम 07 बजकर 44 मिनट तक रहेगी। इस आधार पर द्वितीया तिथि 06 नवंबर को मानी जाएगी। इसलिए भाई दूज का त्योहार 06 नवंबर , दिन शनिवार को मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस दिन भाईयों को तिलक लगाने का शुभ मुहूर्त दिन में 01.10 से 03.21 बजे तक है।

भाई दूज की पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार धर्मराज यम और यमुना भगवान सूर्य और उनकी पत्नी संध्या की संतान थे। लेकिन संध्या देवी भगवान सूर्य के तेज को सहन न कर पाने के कारण अपनी संतानों को छोड़ कर मायके चली गईं। अपनी जगह अपनी प्रतिकृति छाया को भगवान सूर्य के पास छोड़ गई थी। यमराज और यमुना छाया की संतान न होने के कारण मां के प्यार से वंचित रहते थे, लेकिन दोनों ही भाई बहन में आपस में खूब प्यार था। शादी होने बाद धर्मराज यम, बहन के बुलाने पर यम द्वितीया के दिन उनके घर पहुंचे थे। जहां यमुना जी ने भाई की सत्कार कर, उनको तिलक लगा कर पूजन किया। तब से इस दिन भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है।

भाई दूज तिलक का शुभ मुहूर्त, इस दिन क्या करें क्या न करें

भाई दूज का पर्व 6 नवंबर दिन शनिवार को मनाया जाएगा। यह पर्व देशभर में कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाई के माथे पर तिलक करके उसकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। रक्षा बंधन की तरह यह त्योहार भी भाई-बहन के प्रति एक दूसरे के स्नेह को अभिव्यक्त करता है। भाईदूज को भैया दूज, भाई टीका, यम द्वितीया, भ्रातृ द्वितीया आदि नामों से भी जाना जाता है। इस दिन बहनें पूजा करती हैं, कथा कर व्रत रखती हैं और भाई को तिलक करती हैं।

इसलिए कहा जाता है यम द्वितीया

हिंदू धर्म के अनुसार, ऐसी धार्मिक आस्था है कि इस दिन बहन के घर भोजन करने से भाई की उम्र बढ़ती है। इससे उसके जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दिन बहन भाई की लंबी आयु के लिए यम की भी पूजा करती हैं। इस कारण इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन जो भाई, बहन से तिलक करवाता है, उसे कभी अकाल मृत्यु का भय नहीं सताता। उसकी आयु निश्चित रूप से लंबी होती है।

भाई दूज की तिथि एवं शुभ मुहूर्त

भाई दूज का त्योहार इस बार 6 नवंबर, शनिवार के दिन मनाया जाएगा। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, इस साल भाई को तिलक करने का शुभ मुहूर्त दोपहर 1:10 से 3:21 तक है। यानि शुभ मुहूर्त की कुल अवधि 2 घंटे 11 मिनट तक है।

भाई दूज क्यों मनाया जाता है?

भाई दूज का पर्व मनाने के पीछे एक पौराणिक कथा प्रचलित है। सूर्य देव की संतान यम और यमी थे, जो भाई-बहन थे। यमुना अपने भाई यमराज से स्नेहवश निवेदन करती थी कि वे उसके घर आकर भोजन करें। लेकिन यमराज व्यस्त रहने के कारण यमुना की बात को टाल जाते थे। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना अपने द्वार पर अचानक यमराज को खड़ा देखकर हर्ष-विभोर हो गई। प्रसन्नचित्त हो भाई का स्वागत-सत्कार किया तथा भोजन करवाया। यम को अनगिनत बार तंग करने के बाद आखिरकार यमी ने अपनी मनोकामना पूरी कर ली। उसके भाई ने आखिरकार उसकी मांगें मान लीं और उससे मिलने आया। दोपहर के भोजन के बाद उन्होंने उनके माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना की। ऐसा स्नेह और प्रेम प्राप्त होने पर यमराज ने अपनी बहन से वरदान मांगा। वह प्यारी बहन थी, उसने उत्तर दिया कि वह बस यही चाहती है कि वह हर साल उसके पास जाए, वह कभी भी मृत्यु के देवता यमराज से नहीं डरेगी। तथा इस दिन जो बहन अपने भाई को टीका करके भोजन खिलाए, उसे आपका भय न रहे। अपनी बहन की प्यारी इच्छा सुनकर यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने अपनी बहन को आशीर्वाद दिया और उनकी इच्छा पूरी की। इस तरह इस दिन भाई को तिलक लगाकर प्रेमपूर्वक भोजन कराने से परस्पर प्रेम तो बढ़ता ही है, भाई की उम्र भी लंबी होती है।

भाई दूज के दिन क्या करें, क्या न करें

- भाई दूज के दिन बहन के बनाए गए भोजन का निरादर नहीं करना चाहिए।

-भाई-बहन को इस दिन आपस में झगड़ा नहीं करना चाहिए।

-बहन को भाई के दिए उपहार को प्रेम पूर्वक लेना चाहिए। उपहार का निरादर नहीं करना चाहिए।

-यमराज के नाम का चौमुखा दीपक जलाकर घर की दहलीज के बाहर रखें। यह उपाय करने से आपके भाई के जीवन की विघ्न-बाधाएं दूर हो जाएंगी।

-बहने उपाय के रूप में पहले ठाकुर जी को तिलक करे और फिर यदि अपने भाई को तिलक करेंगी तो निश्चित ही उनके भाई के जीवन के संघर्ष कम होंगे।

भाई दूज, इस शुभ मुहूर्त में बहन भाइयों को करें तिलक, ये है वह समय

राखी की तरह ही भाईदूज 2021 भी भाई बहन के प्रेम का ही त्योहार है. दीपावली के दो दिन बाद भाईदूज मनाने का चलन पुराना है. भाई बहन के स्नेह के इस पर्व का महत्व भी रक्षाबंधन से कहीं कम नहीं है. भाईदूज के दिन भी बहन अपने भाई को तिलक करती है. इस मनोकामना के साथ कि उसके भाई की उम्र लंबी हो. और, भाई अपनी बहन को सुख समृद्धि का आशीष देता है. दीपावली के दूसरे दिन यानि गोवर्धन पूजा के अगले दिन भाई दूज मनाई जाती है जिसे यम द्वितिया भी कहा जाता है. जानिए इस साल किस दिन है भाई दूज और क्या है शुभ मुहूर्त।

कब है भाईदूज?

इस साल यानि कि साल 2021 में भाईदूज 6 नवंबर को पड़ रही है. इस दिन दोपहर 1 बजकर 10 मिनट से 3 बजकर 22 मिनट तक मुहूर्त भाइयों को टीका करने के लिए सबसे शुभ है. यानि शुभ मुहूर्त का कुल समय 2 घंटे और 12 मिनट का है.

भाईदूज की पूजन विधि

भाईदूज की पूजन विधि भी काफी कुछ राखी की ही तरह है. इस दिन बहनें सुबह भगवान की पूजा के बाद अपने भाइयों के लिए पकवान तैयार करती हैं. भाई को तिलक करती हैं. मन में एक ही कामना होती है कि भगवान उनके भाई को हर संकट से बचाए. तिलक के बाद भाई की आरती की जाती है. भाईदूज पर भाई को पान खिलाने का भी दस्तूर है।

पौराणिक मान्यताएं

पुराणों में भाईदूज से जुड़ी अलग अलग कहानियां मौजूद हैं. एक किवदंती के अनुसार सूर्य देव के पुत्र यम और पुत्री यमी थीं. विवाह के बाद यमी को भाई से मिलने का मौका कम ही मिलता है. कार्तिक माह में एक बार यम उनसे मिलन पहुंचते हैं. यमी अपने भाई का बहुत आदर सत्कार करती हैं. प्रसन्न होकर यम उनसे भेंट के लिए कहते हैं. बहन यमी कहती हैं कि भाई कितना भी व्यस्त रहे पर इस दिन हर वर्ष अपनी बहन से जरूर मिले. उसके बाद से भाईदूज की परंपरा शुरू हुई. यही वजह है कि इस पर्व को यम द्वितिया भी कहा जाता है. ऐसी मान्यता है कि भाईदूज पर भाई को तिलक कर बहन यम से भाई की लंबी उम्र की प्रार्थना करती है. माना जाता है कि यही प्रार्थना भाई को अकाल मृत्यु से भी बचाती है.

अक्षय को कैटरीना ने रियल में मारा था थप्पड़

द कपिल शर्मा शो में अपनी नई फिल्म 'सूर्यवंशी' का प्रचार करते हुए अक्षय कुमार और कैटरीना कैफएक साथ नजर आएंगे. खूबसूरत जोड़ी अपनी फिल्म के बारे में बात में कई रोमांटिक किस्से भी सुनाएगी और साथ ही होस्ट कपिल शर्मा और शो के कलाकार कीकू शारदा, कृष्णा और सुमोना के साथ सेट पर खूब मस्ती भी करेगी. अपनी नई फिल्म, रोहित शेट्टी निर्देशित अक्षय कुमार के बारे में बात करते हुए, अक्षय कुमार ने खुलासा किया कि एक शॉट में, कैटरीना कैफने उन्हें चेहरे पर थप्पड़ मारा था. अपने मेहमानों से बात करते हुए मेजबान कपिल शर्मा ने पूछा कि क्या कभी ऐसा समय था जब उन्हें एक शॉट में फिर से लेना पड़ा क्योंकि अक्षय कुमार बहुत तेजी से काम करने के लिए जाने जाते हैं, ÷अक्षय पाजी की साथ 'सूर्यवंशी' में आपके रोमांस भी किया है और आपके उन्हें थप्पड़ भी मारा है. कौनसे सीन में ज्यादा रीटेक हुए ?÷ इस सवाल का जवाब देते हुए कैटरीना कैफ ने कहा, थप्पड़ वाला सीन में कोई रीटेक नहीं था. यह एक बार में ही किया गया.÷ इस एक्ट को जारी रखा गया था. मैंने वास्तव में थप्पड़ मारा था. इसके बाद कपिल शर्मा ने पूछा कि क्या रोमांटिक सीन के लिए और रीटेक की जरूरत है. कैटरीना कैफ ने जवाब दिया कि, ऐसा नहीं है, ÷रोमांटिक वाले सीन में भी ज्यादा टेक नहीं लिए गए. अक्षय और मेरा ट्यूनिंग बहुत अच्छा है.÷ अक्षय कुमार ने कहा कि उन्होंने एक साथ कुछ 7 या 8 फिल्में की हैं, 'हमको दीवाना कर गए', 'नमस्ते लंदन', 'सिंह इज किंग', 'वेलकम', 'दे दना दन', 'तीस मार खान' एक छोटा सा जो बीच में 'ब्लू'।

प्रियंका चोपड़ा के दिवाली लुक को देख निक जोनस भी रह गए हैरान

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है. वे अक्सर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफको लेकर लाइमलाइट में बनी रहती हैं वहीं अब प्रियंका चोपड़ा ने दिवाली के मौके पर एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, इन तस्वीरों में वे एथनिक वियर में नजर आ रही हैं. सोशल मीडिया पर इस तस्वीरों ने धूम मचा दी है. फैंस ही क्या निक भी इन तस्वीरों के दीवाने हो गए हैं.

निक जोनस ने जमक की तारीफ

प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं. इन तस्वीरों में प्रियंका का लुक देखने लायक है. वे ऑफ व्हाइट कलर के लंहगे में नजर आ रही हैं. इस आउटफिट के साथ ही उन्होंने चोकर भी कैरी किया है जो उनके लुक पर चार चांद लगा रहा है. इस तस्वीर को शेयर करने के साथ वे लिखती हैं. सभी को दीपावली की शुभकामनाएं... प्यार, रोशनी और खुशियां उत्सव को बहुत कृतज्ञता के साथ मनाएं यह प्यार से भरा रहे÷ इस तस्वीर पर उनके पति निक जोनस ने कमेंट कर तारीफ की है निक ने फायर इमोजी बना कर खास कमेंट किया है.

बड़े प्रोजेक्ट कर काम कर रही हैं प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा के काम की बात करें तो वे इस समय अमेजम प्राइम की सीरीज 'सीटाडेल' की शूटिंग कर रही हैं. इसके अलावा वे 'द मैट्रिक्स 4' और 'टेक्स्ट फॉर यू' में भी नजर आएंगी।

शाहरुख खान ने अपने 56वें बर्थडे पर तोड़ दी 20 साल पुरानी परंपरा?

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान का बीते दो नवंबर को 56वां जन्मदिन बीता. हर बार की तरह इस बार भी फैन्स उनके बंगले 'मन्नत' के बाहर फैन्स उनकी एक झलक पाने के लिए खड़े रहे. लेकिन इस बार शाहरुख खान ने 20 साल पुरानी अपनी परंपरा तोड़ दी है. कहा जा रहा है कि इस बार वो 'मन्नत' की बालकनी और टेरेस में आकर फैन्स का अभिवादन नहीं किया. शाहरुख खान कई सालों से अपने बर्थडे के मौके पर फैन्स का अभिवादन स्वीकार करते थे. लेकिन बताया जा रहा है कि इस बार ऐसा नहीं हुआ. शाहरुख खान के ऐसा नहीं करने के पीछे ठोस वजह भी है. वो पिछले एक महीने से अपने बेटे के लिए परेशान थे. उनका बेटे आर्यन खान क्रूज ड्रग्स केस में गिरफ्तार कर लिए गए थे. शाहरुख तभी से काफी निराश थे. लेकिन पिछले शनिवार को उनके बेटे को बेल मिल गई थी और वो अब अपने परिवार के साथ हैं. शाहरुख ने इस बार अपने बर्थडे पर कोई सेलिब्रेशन भी नहीं किया और नाही फैन्स द्वारा दिए गए प्यार के लिए शुक्रिया कहा. इन सब चीजों को देख कर कहा जा रहा है कि उन्होंने 20 साल से चली आ रही इस परंपरा को तोड़ दिया है. शाहरुख खान का जन्म 3 नवंबर, 1965 को नई दिल्ली में हुआ. उन्होंने बॉलीवुड में 'बाजीगर', 'दीवाना', 'दिलवाले दुलहनिया ले जाएंगे'।

■ न्यूज गैलरी

भारत की जीत के बाद पाकिस्तान को लगी मिर्ची

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप के अपने तीसरे मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 66 रनों से हरा दिया. पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफकरारी शिकस्त झेलनी वाली टीम इंडिया की टूर्नामेंट में यह पहली जीत रही. इस जीत के साथ ही विराट ब्रिगेड के सेमीफाइनल में पहुंचने की थोड़ी सी उम्मीदें कायम हैं। भारत के खिलाफमुकाबले में अफगानिस्तान के गेंदबाजों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा. नतीजतन भारत ने इस टी20 वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया, वहीं बल्लेबाजी में भी अफगानिस्तान के बल्लेबाज कोई खास कमाल नहीं कर पाए. भारत की यह जीत 'चिर प्रतिद्वंद्वी' पाकिस्तान के समर्थकों को अच्छी नहीं लगी और अजीब तरह के कमेंट्स आने लगे।

शेयर बाजार में जारी रहेगा धूम-धड़ाका, अगली 'दिवाली' तक के लिए इतना बड़ा टारगेट!

नई दिल्ली। ब्रोकरेज हाउस केआर चौकसे की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत 2024 तक दुनिया का 5वां सबसे बड़ा पूंजी बाजार बनने के लिए तैयार है, जिसका बाजार मूल्य 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान है. ब्रोकरेज हाउस KR Choksey की मानें तो अगले 4 साल में मार्केट वैल्थ 50 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है. रिटर्न के लिहाज से प्रति वर्ष 25 फीसदी औसतन रिटर्न का अनुमान है. वहीं ब्रोकरेज यस सिक्योरिटीज ने अगली दिवाली तक BSE सेंसेक्स के लिए 72,000 अंक और NSE निफ्टी के लिए 21,000 अंक का लक्ष्य रखा है, जो मौजूदा स्तरों से 15 फीसदी से अधिक की तेजी का संकेत देता है. दरअसल, संवत् 2077 शेयर बाजारों के लिए ऐतिहासिक था, क्योंकि इस दौरान बाजार में बड़ी तेजी देखी गई. सेंसेक्स ने पहली बार 60,000 का आंकड़ा छुआ और निफ्टी ने भी 18,000 के आंकड़े को पार किया. वहीं एक्सिस सिक्योरिटीज का मानना है कि संवत् 2078 कॉरपोरेट मुनाफे में महत्वपूर्ण सुधार के कारण बैलेंस शीट लीवरेज का वर्ष होगा. क्योंकि आगे इकोनॉमी में तेज रिकवरी का अनुमान है, जिससे कई सेक्टर्स में रैली देखने को मिल सकती है. साथ ही सरकार आगे इंफ्रास्ट्रक्चर में भी खर्चा बढ़ा सकती है।

अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया की दमदार जीत, रोहित-राहुल ने खेली धमाकेदार पारी

■ भारत ने अफगानिस्तान को 66 रनों से दी मात

■ तीन मुकाबलों में भारत की यह पहली जीत रही

अबु धाबी/ए.। टी20 वर्ल्ड कप 2021 में टीम इंडिया को पहली जीत हासिल हुई है. बुधवार को अबु धाबी में खेले गए मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 66 रनों से हरा दिया. 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगान टीम सात विकेट पर 144 रन ही बना सकी. इस जीत के साथ ही विराट ब्रिगेड के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कायम हैं.

अफगानिस्तान की रही खराब शुरुआत

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत काफी खराब रही और उसने 13 रनों पर दोनों ओपनरों को खो दिया. तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर मोहम्मद शहजाद बिना कोई रन बनाए मोहम्मद शमी की गेंद पर रविचंद्रन अश्विन को कैच दे बैठे. इसके बाद अगले ओवर की पहली गेंद पर हजरतुल्लाह जजई भी 13 रन बनाकर पवेलियन चलते बने. जजई को जसप्रीत बुमराह ने शार्दुल ठाकुर के हाथों लपकवाया.

जडेजा ने तोड़ी पार्टनरशिप

13 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद रहमानुल्लाह गुरबाज और गुलबदीन नईब (18) ने 35 रनों की तेज साझेदारी की. रवींद्र जडेजा ने गुरबाज को हार्दिक पंड्या के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी का अंत किया. गुरबाज ने अपनी पारी में ?दो छक्के और एक चौका लगाया. फिर 10वें ओवर की तीसरी गेंद पर नईब को रविचंद्रन अश्विन ने एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को चौथी सफलता दिला दी. इसके बाद अश्विन ने 12वें ओवर पांचवीं बॉल पर नजीबुल्लाह को भी अपना शिकार बनाया.

नबी-जन्नत ने बचाई लाज

69 रनों पर पांच विकेट गिरने के बाद करीम जन्नत और कप्तान मोहम्मद नबी ने 57 रन जोड़कर अफगानिस्तान को सम्मानजनक स्कोर बनाने में मदद की. नबी 35 रन बनाकर शमी की बॉल पर जडेजा के हाथों कैच आउट हुए. शमी ने इसके बाद राशिद खान (0) को भी पवेलियन भेजा. अंततः अफगानिस्तान की टीम सात विकेट पर 144 रन ही बना सकी. करीम जन्नत 42 रनों पर नाबाद लौटे, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल रहे. भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा तीन और रविचंद्रन अश्विन को दो सफलताएं हासिल हुई.

टीम इंडिया ने 210/2 का बड़ा स्कोर बनाया

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ दो विकेट पर 210 रन बनाए, जो मौजूदा टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर है. रोहित शर्मा और केएल राहुल के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की बदौलत टीम इंडिया यह स्कोर हासिल कर पाई. 'करो या मरो' के इस मुकाबले में अफगानिस्तान का कोई भी गेंदबाज भारत के बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर पाया. रोहित (74) और राहुल (69) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 140 रनों की साझेदारी की. रोहित ने 47 गेंदों की अपनी पारी में 8 चौके और 3 छक्के मारे, जबकि राहुल ने 48 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौके और 2 छक्के जड़े.

हार्दिक पंड्या (13 गेंदों में नाबाद 35 रन, 4 चौके, 2 छक्के) और ऋषभ पंत (13 गेंदों में नाबाद 27 रन, 1 चौका, 3 छक्के) ने तीसरे विकेट के लिए 3.3 ओवरों में 63 रनों की तेजतर्रार साझेदारी की, जिससे भारत ने अंतिम 9 ओवरों में 119 रन बटोरे.

रोहित-राहुल की जोड़ी ने तेज शुरुआत दिलाई

अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया, जिसके बाद केएल राहुल और रोहित शर्मा ने भारत को तेज शुरुआत दिलाई. रोहित ने नबी के पहले ओवर में चौका जड़ने के बाद बाएं हाथ के स्पिनर शराफुद्दीन अशरफ पर भी चौका मारा. राहुल ने भी शराफुद्दीन की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़ा।

बायो-बबल के उल्लंघन पर टी20 वर्ल्ड कप से इस अंपायर को हटाया

■ माइकल गॉ बिना स्वीकृति के होटल से बाहर निकले थे

■ जिसके बाद उन्हें छह दिन के पृथकवास पर रखा गया था

दुबई। इंग्लैंड के अंपायर माइकल गॉ को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मौजूदा टी20 विश्व कप से हटा दिया, उन्होंने कुछ दिन पहले टूर्नामेंट के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) का उल्लंघन किया था. पिछले हफ्ते शुक्रवार को यह 41 साल के अंपायर बिना स्वीकृति के होटल से बाहर निकला और टूर्नामेंट के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से बाहर के व्यक्तियों से मिला, जिसके बाद उन्हें छह दिन के पृथकवास पर रखा गया. आईसीसी ने बयान में कहा, 'जैविक रूप से सुरक्षित माहौल के नियमों के उल्लंघन के बाद अंपायर माइकल गॉ को आईसीसी पुरुष टी20 2021 के बाकी बचे मैचों के दौरान नियुक्त नहीं किया जाएगा.' गॉ को पिछले हफ्ते रविवार को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच में अधिकारी की भूमिका निभानी थी, लेकिन नियमों के उल्लंघन के बाद उन्हें हटा दिया गया और उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के मराइस इरासमस ने ली. डरहम के पूर्व बल्लेबाज गॉ को अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ अंपायर में से एक माना जाता है. पृथकवास के दौरान हर एक दिन छोड़कर उनका परीक्षण किया गया।

राहत | गुजरात में 17 रुपये लीटर सस्ता हुआ डीजल, -यूपी सरकार की जनता को वैट में कटौती का तोहफा

9 राज्यों की जनता को दिवाली पर डबल गिफ्ट, 17 रुपये तक सस्ता हुआ डीजल

नई दिल्ली/ए.। दिवाली पर केंद्र और कुछ राज्यों ने जनता को तोहफा दिया है। दिवाली से ठीक एक दिन पहले केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 5 रुपये और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी घटाने का ऐलान किया था। इसके बाद हृष्ठ शासित राज्यों ने भी वैट पर 7 रुपये तक की कटौती कर दी है। जिससे इन राज्यों को दिवाली पर डबल गिफ्ट मिल गया है। दरअसल बुधवार को एक्साइज ड्यूटी में कटौती के साथ ही केंद्र सरकार ने राज्यों से वैट में कटौती की अपील की थी, जिसके बाद अब तक कम से कम 10 राज्यों ने वैट में कटौती कर जनता को दोहरी खुशी दे दी है। केंद्र की पहल पर अमल करने वाले अधिकतर राज्यों में हृष्ठ की

सरकार है। अभी तक इन राज्यों ने वैट में कटौती का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, गोवा, कर्नाटक, उत्तराखंड, असम, मणिपुर, त्रिपुरा और हिमाचल प्रदेश है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश यूपी में पेट्रोल पर 7 रुपये लीटर और डीजल पर 2 रुपये लीटर वैट घटा दिया गया है। इस तरह अब यूपी में पेट्रोल और डीजल दोनों 12-12 रुपये लीटर सस्ते हो गए हैं। इसके अलावा गुजरात, गोवा, कर्नाटक, असम, मणिपुर, त्रिपुरा और सिक्किम ने पेट्रोल और डीजल पर 7 रुपये लीटर वैट घटाने का ऐलान किया है। जिससे अब इन राज्यों में पेट्रोल 12 रुपये लीटर और डीजल 17 रुपये लीटर सस्ता हो गया है। इसका मतलब ये हुआ कि इन राज्यों में एक्साइज ड्यूटी में केंद्र की कटौती और राज्यों के वैट में कमी का दोहरा फायदा मिलेगा।

बिहार की जनता को वैट में कटौती का तोहफा

वहीं बिहार सरकार ने पेट्रोल पर 1.30 रुपये और डीजल पर 1।90 रुपये लीटर वैट को कम दिया है। अब बिहार की जनता को पेट्रोल 6.30 रुपये लीटर और डीजल 11.90 रुपये लीटर सस्ता मिलने वाला है। वहीं उत्तराखंड की बीजेपी सरकार ने केवल पेट्रोल पर 2 रुपये लीटर वैट घटाया है। इससे यहां पेट्रोल अब 7 रुपये लीटर सस्ता मिलेगा।

पिछले साल केंद्र सरकार ने बढ़ाई थी एक्साइज ड्यूटी

पिछले साल कोरोना संकट के दौरान कच्चे तेल के दाम गिरने से सरकार ने एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई थी। पेट्रोल पर 13 रुपये और डीजल पर 16 रुपये की बढोतरी हुई थी। लेकिन कच्चे तेल के दाम बढ़ने से फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतों से जनता परेशान है। अगर इस साल की बात करें तो पेट्रोल 25 रुपये के करीब और डीजल 20 रुपये प्रति लीटर तक महंगा हो गया है। गौरतलब है कि कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर तेल कंपनियां रोजाना सुबह भाव तय करती हैं। फिलहाल पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी और राज्यों के वैट को मिलाकर करीब 60 फीसदी टैक्स लगता है।

एक घंटे के लिए खुलेगा शेयर बाजार, मुहूर्त ट्रेडिंग

नई दिल्ली। दीपावली के दिन शेयर बाजार बंद रहता है. लेकिन इस मौके पर शाम में एक घंटे के लिए मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन होता है. इस बार दीपावली के दिन NSE और BSE पर शाम 6:15 से 7:15 बजे तक मुहूर्त ट्रेडिंग होगी. एक्सचेंजों के मुताबिक आज शाम 6:15 से 7:15 बजे तक मुहूर्त ट्रेडिंग होगी. जबकि 4 नवंबर को शाम 6:00 से 6:08 बजे प्री-ओपन ट्रेड होगा.

दरअसल, मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान शेयर बाजार में निवेश को शुभ माना जाता है. इस एक घंटे के मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान ज्यादातर निवेशक शेयर खरीदते हैं. माना जाता है कि विशेष मुहूर्त में ग्रहों की स्थिति ऐसी होती है कि इस मौके पर किया गया निवेश फायदा देता है. हालांकि इस मौके पर भावनाओं में आकर ओवर वैल्यूड शेयरों की खरीदारी से बचना चाहिए.

इन स्टॉक्स में कर सकते हैं निवेश

मार्केट एक्सपर्ट और tradeswift के डायरेक्टर संदीप जैन का कहना है कि इस बार दिवाली के दौरान बाजार में थोड़ा उतार-चढ़ाव है. इसलिए मुहूर्त ट्रेडिंग में कुछ अच्छे शेयर को अपने पोर्टफोलियो में शामिल करने का बेहतर मौका है. उनका कहना है कि अगर निवेश का नजरिया लंबा है तो फिर मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान इन 5 स्टॉक्स को अपने पोर्टफोलियो में शामिल कर सकते हैं।

षष्ठम आयुर्वेद दिवस एवं भगवान धन्वन्तरि महोत्सव का गरिमामयी आयोजन सम्पन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। षष्ठम आयुर्वेद दिवस एवं भगवान धन्वन्तरि के अवतरण दिवस पर ''आयुर्वेद एवं पोषण'' विषय पर आरोग्य भारती एवं यूनाईटेड हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमा सुदेश जी देशमुख, अध्यक्षता डॉ. अजय जी श्रीवास्त प्रोफेसर छ.ग. आयुर्वेद महाविद्यालय मनकी, विशिष्ट अतिथि राजनांदगांव गौरव पद्मश्री डॉ. पुखराज जी बाफ्ना, डॉ अभिषेक जी जोशी आरोग्य भारती प्रांत सह-सचिव के सानिध्य में वैदिक मंत्रोत्चार के साथ आरोग्य प्रदाता भगवान धन्वन्तरि का पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । मुख्य अतिथि की आसंदी से महापौर जी ने आरोग्य भारती का यह आयोजन आम जनों के बीच होना चाहिए उन्होनें आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसकी व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता को प्रतिपादित करते हुए हमारे दैनिक जीवन में आहार-विहार के महत्व को बताते हुए आयुर्वेद आयुष्य का वेद है, आयुष्य का ज्ञान है मनुष्य जीवन तथा स्वास्थ्य के लिए इसमें उपयुक्त जानकारी है । आयुर्वेद में बताए गए नियमों का पालन कर हम अपने दैनिक जीवन में उसे उतारकर दीर्घायु हो सकते है । विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. पुखराज जी बाफ्ना ने कहा कि आरोग्य से बड़ा दुनिया में कोई धन नहीं है । हमारे लिए सारे धन,वैभव का महत्व तभी है जब हम पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है तभी हम सारे वैभव, धन एवं भौतिक सुखो का आनंद लेने में सक्षम हो सकेंगे । उन्होनें वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देश की किशोरी बालिकाओं पर

चिंता एवं उद्गार प्रकट करते हुए कहा यदि किशोरी समर्थ होगी तभी वह एक कुशल ग्रहणी एवं जीवन साथी बनकर स्वस्थ्य शिशु को जन्म दे सकेगी । स्वस्थ्य शिशु ही हमारे समाज एवं हमारे राष्ट्र की मुख्य धरोहर है । इसके लिए उनके पर्याप्त आहार,सुपोषण पर ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है । आहार एवं पोषण पर उन्होंने अपने सार्थक एवं सारगर्भित उद्बोधन रखे । विशिष्ट अतिथि डॉ. अभिषेक जी जोशी प्रांतीय सह-सचिव आरोग्य भारती ने वर्तमान में आयुर्वेद में बताए दैनिक दिनचर्या, एवं आहार-विहार, पथ्या-पथ्य का पालन करके हम दीर्घायु हो सकते हैं । आयुर्वेद के माध्यम से भारत स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है लेकिन इस ओर हम आगे नहीं बढ़ पाए । उन्होनें उम्मीद जतायी कि भारत सरकार द्वारा अलग से आयुष मंत्रालय का गठन एवं धन्वन्तरि जयंती को आरोग्य दिवस के रूप में मनाया जाना इस दिशा में एक सुखद प्रयास है ।

कार्यक्रम का प्रभावी उद्बोधन राजनांदगांव चिखली में पदस्थ आयुष पोलिक्लीनिक के डॉ. प्रज्ञा जी सक्सेना का रहा विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा प्रणाली 'आयुर्वेद' है । आयुर्वेद में तन, मन और आत्मा के बीच का संतुलन बनाकर स्वास्थ्य में सुधार करता है ।

जीवन में आयुर्वेद का अद्वितीय महत्व है । आयुर्वेद मनुष्य को काल एवं प्रकृति के नियमानुसार यम-नियम के बंधनों के अनुरूप आचरण करने का भारत दर्शन प्रशस्त करता है । आयुर्वेद मे न केवल उपचार होता है बल्कि यह जीवन जिले का ऐसा तरीका सिखाता है इससे जीवन दीर्घायु एवं खुशहाल होता है । आयुर्वेद के अनुसार शरीर में वात,पित्त,कफ जैसे तीन मूल तत्वों के संतुलन से हम निरोग रहते है । लेकिन जब इनका संतुलन बिगड़ता है तो शरीर रोग ग्रस्त होकर बिमारी शरीर पर हावी होने लगती है और आयुर्वेद में इन्ही तीनों तत्वों का संतुलन आहार-विहार के माध्यम से बनाया जाता है ।

न्यूज गैलरी

राज्य में संचालित 186 शासकीय आईटीआई में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 7 नवम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अधीन राज्य में संचालित 186 शासकीय आईटीआई में सत्र 2021-22 एवं 2021-23 में 30 अक्टूबर 2021 के पश्चात रिक्त सीटों को संस्था स्तर पर (स्पॉट राउंट के माध्यम से)प्रवेश से भरे जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त सीटों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से 7 नवम्बर 2021 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। रिक्त सीटों पर केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के आवेदनों पर प्रवेश हेतु विचार किया जाएगा जो 3 से 7 नवम्बर 2021 की अवधि में ऑनलाईन आवेदन किए हो। पूर्व में पंजीकृत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक आवेदक संस्था विशेष में उपलब्ध अधिकतम 10 व्यवसायों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेगा। अर्थात एक आवेदन में एक ही संस्था के व्यवसायों में उपलब्ध अधिकतम 10 विकल्प भर सकेगा। ऑनलाईन आवेदन रजिस्ट्रेशन हेतु पूर्वानुसार सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 50 रुपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 40 रुपये निर्धारित है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट cgiti.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

पूजा पाठ कर गौरी गौरा के साथ माता लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना

खरोरा। दीपावली के अवसर पर केशला में प्रगति महालक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा को पूजा पाठ कर गौरी गौरा के साथ माता लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना। धनतेरस के दिन केशला के बरबंधवा तालाब पार में प्रगति महालक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा बड़े ही विधि विधान से पूजा कर गौरी गौरा के साथ माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना किया गया। माता लक्ष्मी की पूजा 4 दिनों तक चलेगा। स्थापना में समिति के यशवंत देवांगन, राजकुमार पाल, विश्वनाथ, आयुष, परमेश्वर, खेलावन,पुष्पा, वर्षा, लक्ष्मी, पंडा बाबा पुनाराम के साथ बड़ी संख्या में बच्चे,युवा उपस्थित थे।

कोरोना योद्धाओं का हुआ सम्मान

खरोरा। दीपावली के शुभ पर्व में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी अग्निवंशीय चौहान, राजपूत क्षत्रिय युवा महासभा छग 38271(5980) के दुर्ग इकाई के युवाओं द्वारा आओं बाँटे खुशियाँ थीम को लेकर जिला चिकित्सालय दुर्ग मे डॉक्टर (कोरोना योद्धाओ),सफाई कर्मचारी, भर्ती मरीजो व उनके परिजनो को फल मिठाई भेंट किया गया। इस छोटी सी प्रयास से सभी युवा व सामाजिक बन्धुओ के मन मे भारी उत्साह दिखा सभी लोग आने वाले समय मे समाज के द्वारा और भी नये कार्यक्रम करने के लिये उत्साह व जिज्ञासा जाहिर की। हमारा उद्देश्य किसी को कमजोर दिखाना या स्वंय को सम्पन्न दिखाना नही बल्कि हमारा प्रयास है देश का हर नागरिक इसी तरह बिना जाती धर्म भेदभाव के खुशियाँ बांटते चले, सुख हो या दुख हो सबके साथ कुछ पल व्यतीत करे व हर घर दीपक जले जिससे मानव जाती मे एक दूसरे के प्रती प्रेम व सहानुभूति प्रकट हो और ऐसे आयोजनो मे क्षत्रिय समाज की अहम भागीदारी रही है और निरंतर रहे। इसी विचारधारा के साथ हमारे समाज के सभी सदस्यो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । कुछ भाई जरुरी कारणो से नही आ पाये लेकिन उनका सहयोग निरंतर मिलता रहा इसके लिये उन्हे हृदय से कोटि कोटि धन्यवाद।।कार्यक्रम मे दुर्ग इकाई अध्यक्ष ठाकुर लाला सिंह चौहान, सचिव व युवा प्रेरणास्रोत ठाकुर युवराज सिंह(डायरेक्टर एकलव्य पब्लिक स्कूल बेलौदी), घनश्याम सिंह भारद्वाज, मुकेश पाराशर, सुरज सिंह नन्दवाय,मनमोहन सिंह, पंकज सिंह,पुरन सिंह,रितेश सिंह,गिरीश सिंह,राजू सिंह,अभिषेक सिंह, व चिकित्सा विभाग जीवन दीप समिति से ठाकुर गम्भीर सिंह,दुश्यंत देवान्गन,अलख नवरंग,कृष्णा देवान्गन(दुर्ग एल्डर मैन) की उपस्तिथि हुई।

अपन अड़हा लइका के गजब बढ़ा एवं मान-ठाकुरराम

नवनिर्वाचित राजप्रधान ने जताया आभार

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज में 6 राज इकाईयों के राजप्रधान एवं केंद्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन लोकतांत्रिक प्रणाली से पूर्ण रूप से शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। तिल्दा राज में तीन प्रत्याशियों ने राजप्रधान पद के लिए भाग्य आजमाया जिनमें रायखेड़ा निवासी ठाकुरराम वर्मा ने 10 हजार से भी अधिक मतों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की ,क्षेत्र में प्राप्त व्यापक जनसमर्थन ,सहयोग, आशीर्वाद से अभिभूत होकर राज के स्वजातियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हम धार्मिक,आध्यात्मिक, सामाजिक, ऐतिहासिक रूप से समृद्ध ऐसे समाज के सेवक हैं जहाँ मानव जाति के आदर्श श्रीराम चन्द्र जी, छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नद्रष्टा डॉ खूबचन्द बघेल जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,स्वामी आत्मानंद जैसे आध्यात्म पुरुषों ने जन्म लेकर मार्ग प्रशस्त किया । उन्होंने बड़ी विनम्रतापूर्वक छत्तीसगढ़ी के चंद पंक्तियों के माध्यम से कहा कि मोर अरजी गोहार ल सुनके, दया करेव सियान । अपन अड़हा लइका के गजब बढायेव मान ।। तुँहरे लइका तुँहरे बल म तुँहरे बुद्धि सूजान। धरा के अंगरी देखावत रद्दा, आगू रेंगहु सिरजे सियान।। तुँहरे पाँव के चिन्हा देखत, सिखत रइहुँ नदान ।। कोनो मेर गिर अपट जहूँ, थाम लेहु सूजान । गलती होही माफी दुहू, अपन बेटवा जान ।। मया पिरीत के बंधना बाँधे, दाई ददा संगी मितान । तुँहर चरन म माथ नावvय बंदय ठाकुर राम,बंदय ठाकुरराम ।। उल्लेखनीय है कि नवनिर्वाचित राजप्रधान ठाकुरराम वर्मा प्रत्याशी के रूप में क्षेत्रान्तर्गत आने वाले 95 ग्रामों में ऐसा एक भी कुर्मी नहीं जिनके निवास पहुँच कर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त न किया हो। वे उत्कृष्ट कृषक ,सफल व्यवसायी होने के साथ ही सच्चे समाज सेवक भी हैं, उन्होंने विजय श्री को स्वजातियों के आशीर्वाद का प्रतिफल निरूपित करते हुए आश्वस्त किया कि वे निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहेंगे।

86 हजार से अधिक किसानों के खाते में तीसरी किश्त पहुंची

सर्वर में अत्यधिक लोड होने की वजह से हुई थोड़ी दिक्कत

धमतरी/नवप्रदेश। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत राज्य शासन द्वारा धमतरी जिले के एक लाख नौ हजार 179 किसानों के लिए तीसरी किश्त की राशि 69 करोड़ 69 लाख रूपए प्राप्त हुआ है। नोडल अधिकारी, सहकारी बैंक से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य शासन के निर्देशानुसार एक नवम्बर को योजना की तीसरी किस्त जारी की गई है। इसके तहत राशि को 11 शाखाओं में ट्रिकल फाईल के माध्यम से ट्रांसफर कर दिया गया है। किन्तु सर्वर में अत्यधिक लोड होने की वजह से कुछ किसानों के खाते में राशि पहुंचने में विलंब हो रहा है। अब तक 86 हजार 797 किसानों के खाते में यह राशि पहुंच गई है।

बताया गया है कि शाखा संबलपुर के कुछ किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि का भुगतान नहीं किए जाने संबंधी जानकारी मिली। इस संबंध में शाखा से जानकारी मिली है कि सर्वर में दिक्कत होने की वजह से कुछ किसानों को भुगतान नहीं हो पाया था। आज शाखा संबलपुर में उपस्थित किसानों/ अमानतदारों को राशि भुगतान किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिले में प्रथम किश्त की राशि 69 करोड़ 66 लाख, द्वितीय किश्त की राशि 69 करोड़ 69 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। अब तीसरी किश्त की राशि 69 करोड़ 69 लाख रूपए की राशि का भुगतान एक नवम्बर से किया जा रहा है।

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 9 जनवरी 2022 को

धमतरी /नवप्रदेश। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में सत्र 2022-23 में कक्षा छठवीं एवं नवमीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आगामी 09 जनवरी 2022 को आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि पांच नवम्बर तक की गई है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अधिकारिक वेबसाईट httpsÑ//aissee.nta.nic.in/ पर ऑनलाईन फॉर्म भरे जा सकते हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में आवेदन की तिथि 26 अक्टूबर थी, अभिभावकों को दस्तावेज अपलोड करने में हो रही परेशानी और अभ्यर्थियों की अधिक से अधिक प्रतिभागिता को ध्यान में, इसे बढ़ाकर अब पांच नवम्बर तक किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी सभी शासकीय/ अशासकीय स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा छठवीं एवं आठवीं में प्रवेश परीक्षा की जानकारी इच्छुक विद्यार्थियों को दी जाए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सकें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य, सैनिक स्कूल अंबिकापुर, मेण्ड्राकला,

चेतना दिवस के रूप में मना युवा उत्प्रेरक डॉ पण्ड्या का जन्मदिन

हरिद्वार/रायगढ़। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख व देवसंस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या का 72वाँ जन्मदिन सादगी के साथ मनाया गया। संस्था की अधिष्ठात्री शैल दीदी सहित शांतिकुंज के अंतेवासी, देसंविवि, गायत्री विद्यापीठ परिवार एवं विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में गायत्री तीर्थ आये साधकों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की। विद्यापीठ के नन्हें-मुन्ने बच्चों सहित विवि के युवाओं ने भी गुलदस्ता भेंटकर आशीष लिया। एमडी (मेडीसिन) में स्वर्ण पदक प्राप्त युवा उत्प्रेरक डॉ. पण्ड्या ने अपने प्रारंभिक जीवन के 25 वर्ष शिक्षण कार्य में बिताने के बाद शेष जीवन अपने गुरु को कठपुतली की तरह सौंप दिया और वे उनके निर्देशों के पालन में सम्पूर्ण जीवन लगा दिया। देश-विदेश में युवाओं का मार्गदर्शन, भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार, देसंविवि के संचालन, साहित्य लेखन-संपादन, विज्ञान और अध्यात्म का समन्वय में शोध कार्य जैसे अनेक विशिष्ट कार्यों में उन्होंने अपना जीवन होम दिया है। सादा जीवन उच्च विचार को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारने वाले डॉ. पण्ड्या का जीवन राष्ट्र व भारतीय संस्कृति के लिए समर्पित है। इस अवसर पर श्रद्धेय डॉ पण्ड्या ने परिजनों एवं विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के साथ एक-एक पौधा रोपने सलाह दी।

एलोवेरा उत्पादों की बिक्री से 14,600 और लघु वनोपज उत्पाद बिक्री से 10,800 की हुई आमदीन

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौक पर एक नवम्बर को स्थानीय डॉ.शोभराम देवांगन स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इन्हीं में से एक स्टॉल वनमण्डल धमतरी द्वारा लगाया गया, जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली लघु वनोपज सहित वन प्रसंस्करण केन्द्र दुगली द्वारा तिखुर से बने बर्फी, हलवा, जलेबी इत्यादि प्रदर्शित किया गया, जिसे लोगों ने काफी सराहा। वनमण्डलाधिकारी श्रीमती सतोविषा समाजदार ने बताया कि एलोवेरा से बने उत्पाद जैसे शैम्पू, साबून, जूस इत्यादि की बिक्री से 14 हजार 600 रूपए और संजीवनी विक्रय केन्द्र से किए गए लघु वनोपज उत्पादों की बिक्री से दस हजार 800 रूपए का आर्थिक लाभ स्व सहायता समूह को हुआ। स्टॉल में वनमण्डल के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा लघु वनोपज उत्पादों की जानकारी भी लोगों को दी गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर बिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

जिले में 96 प्रतिशत से अधिक लोगों ने लगवाया कोविड का दूसरा डोज

शत प्रतिशत टीकाकरण की ओर अग्रसर रायगढ़, लक्षित आबादी को शत प्रतिशत लगा टीका

रायगढ़/नवप्रदेश। कोविड वैक्सीनेशन के मामले में रायगढ़ जिला देशभर में सबसे आगे है। जिले में मंगलवार शाम तक कम से कम 99.7 प्रतिशत लोगों ने कोविड टीके का दूसरा डोज लगवा लिया है। यह बुधवार शाम तक शत प्रतिशत हो जाएगा ऐसी संभावना स्वास्थ्य विभाग जता रहा है लेकिन अभी भी रायगढ़ जिले को शत प्रतिशत टीकाकृत जिला नहीं कहा जा सकता क्योंकि स्वास्थ्य विभाग ने जिले की पात्र लक्षित आबादी यानी 10.42 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा था।

पहला डोज स्वास्थ्य विभाग ने 10.84 लाख लोगों को लगाया था। ऐसे में शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए जिले का नया लक्ष्य 10.84 लाख हो गया है। मंगलवार तक जिले के 10.38 लाख लोगों ने टीका लगवा लिया है लक्षित लोगों के हिसाब से 99.6 प्रतिशत और पहले डोज के हिसाब से 96 प्रतिशत लोगों ने टीका लगवाया है।

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग दूसरी डोज में अव्वल रहने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ भानू पटेल ने बताया, ÷02 नवंबर तक तमनार ब्लॉक में 107.2 प्रतिशत, बरमकेला में 102 प्रतिशत, लोईंग में 101 प्रतिशत, घरघोड़ा में 100.9 प्रतिशत, खरसिया में 100.3 प्रतिशत, पुसौर मंण 100.3 प्रतिशत, सारंगढ़ में 100.1 प्रतिशत, लैलूंगा में 100 प्रतिशत, धरमजयगढ़ में 95.2 प्रतिशत, और रायगढ़ शहरी क्षेत्र में 92.9 प्रतिशत लोगों ने टीका लगवाया है। दूसरी डोज में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में लोग त्यौहारों के कारण टीका लगवाने से परहेज कर रहे हैं। हमारी टीम उनके घर तक जा रही है पर वह बाहर ही नहीं आ रहे हैं। लोगों से अपील है कि वह जल्द से जल्द अपना दूसरा डोज लें। हमें आशा है कि रायगढ़ जल्द ही कोविड टीके से पूर्ण टीकाकृत होने वाला देश का पहला जिला बन सकेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने लोगों से अपील की है, ÷ जिनका दूसरा डोज लेने का समय आ गया है वो समय पर वैक्सीन लें। रायगढ़ जिला पूरे देश में टीकाकरण के मामले में अव्वल है। दूसरी डोज लक्षित लोगों लोगों में से लगभग शत प्रतिशत लोगों को लग चुकी है।लेकिन लक्षित लोगों के अलावा हमने करीब 42,000 लोगों को कोविड टीके का पहला डोज लगाया था। इस तरह 10.84 लाख लोगों को टीका लगाने से ही पूर्ण टीकाकृत जिला होंगे। आंकड़ों के हिसाब से अभी भी 44,000 लोगों को टीका लगना बाकी है। इस तरह रायगढ़ जिले में 96 फीसदी से अधिक लोगों को कोविड टीके का दूसरा डोज लग चुका है। आने वाले दिन त्यौहार हैं और इस समय किसी भी बीमारी के फैलने की संभावना सबसे प्रबल होती है। अपनी सुरक्षा अपने हाथ में हैं। जो बचे हैं वह टीका जरूर लगवाएं÷

डोर टू डोर और महाभियान का ज्यादा योगदान

दूसरे डोज के लिए त्यौहारी सीजन आते ही साथ लोगों में रूझान कम देखने को मिल रहा है। ऐसे में महाभियान चलाकर लोगों में एक बार फिर टीका के लिए प्रेरणा लाने के लिए जिला प्रशासन,जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों की हरसंभव मदद ली गई। इसके बाद दूसरे डोज के लिए डोर-टू-डोर कैंपन पर ज्यादा फोकस किया गया। बीते सप्ताह तो लगभग डर वार्ड में 2 टीम घर-घर जाकर टीका लगा रही थी। स्वास्थ्य विभाग की यह रणनीति काम आई और आज रायगढ़ जिला कोविड टीके से संपूर्ण टीकाकृत होने की कगार पर खड़ा है। उम्मीद है आगामी सप्ताह में यह कामयाबी भी उसे मिल जाए।

■ न्यूज गैलरी

अर्जुनी बाजार चौक का ट्रंसफार्मर का पैनल खुला, घटना की आशंका

अर्जुनी/नवप्रदेश। भाटापारा बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर अर्जुनी के शारदा होटल व मुस्कान बूट हाउस के बीच लगे विद्युत ट्रंसफार्मर किसी बड़े हादसे का न्योता दे रहा है। बता दे कि यह ट्रांसफार्मर ग्राम अर्जुनी बस स्टैंड मां शारदा होटल व ,मुस्कान बुट हाऊस के सामने का है इस ट्रांसफार्मर के सर्किट बॉक्स का पैनल एक बार खुला की जो कभी बैंड ही नही किया गया इतना ही नही विभाग के कर्मचारी भी यंहा से दिन में कई दफा गुजरते है । लेकिन स्थिति जस का तस बना हुआ है पूर्व में भी इसको लेकर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया गया जिस पर उच्चाधिकारियों ने दुरुस्त कराने की बात कही गई लेकिन आज पर्यन्त कोई देखने तक को नही आया जर्जर ट्रंसफार्मर जो कि जमीन से 1 फिट की उचाई पर है और इसका केबल वायर भी पूरी तरह से सड़ चुका है और खुला है । इससे मवेशियों और लोग इसके संपर्क में आ जाने पर कभी भी किसी बड़ी अप्रिय दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है । इसे बिजली विभाग की लापरवाही कहे या मनमानी लेकिन इसका खमियाजा आम जनता को कभी भी भुगतना पड़ सकता है । बता दे कि अभी दीपावली के त्योहारी सीजन में आसपास के लोग भारी संख्या में खरीदारी करने बड़े बच्चे यंहा आते है वंही अर्जुनी का साप्ताहिक बाजार भी यंहा लगता है उसके बावजूद भी बिजली विभाग इस पर कोई ध्यान नही दे रहा होटल व्यवसायी राधे यादव व आसपास के दुकान संचालको ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि कई बार इस ट्रंसफार्मर मे भयानक आग लग जाता है जिस पर आनन फानन में काबू पाया जाता है ।जिससे कभी भी फिर से आग लगने का संसय बना रहता है ,सर्किट पैनल पूरी तरब से खुला हुआ है और नही सर्किट को बंद किया गया है जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकता है ,इतना ही नही गांव कर के सभी ट्रांसफार्मरों का हाल ही ऐसा है विद्यानगर स्कूल मैदान स्थित ट्रंसफार्मर का सर्किट भी खुला रहता है जबकि आसपास दो विद्यालय संचालित होता है और उक्त मैदान में स्कूली बच्चे खेलते है। बिजली कर्मचारियों को कहने के उपरांत भी इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा।जिससे की बिजली विभाग के गैर जिम्मेदार रवैया व असंवेदनशीलता साफ नजर आ रहा ऐसा लगता है मानो बिजली विभाग किसी बड़े दुर्घटना का राह ताक रहा हो।

विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा में भृत्य के पदों में वृद्धि

बीजापुर /नवप्रदेश। बीजापुर जिले के विभिन्न विभागो के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के सहायक ग्रेड 03 एवं भृत्य के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजन किया गया है। जिसमें भृत्य के पदों पर वृद्धि किया गया है पूर्व में 14 पदों के लिए आवेदन मंगाया गया था। भृत्य के पदों में वृद्धि कर अब कुल 56 पदों पर भर्ती होगी । जिसमें राजस्व विभाग के कुल 8 पद,जिला कोषालय के 03 , खाद्य विभाग के 01 पद , जिला निर्वाचन के 01 पद महिला एवं बाल विकास विभाग के 01 पद एवं स्कूल शिक्षा विभाग के 42 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित है। भर्ती प्रक्रिया के नियम व शर्तें यथावत रहेगी । भर्ती से संबंधित विस्तृत विवरण विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड जगदलपुर बस्तर संभाग का वेबसाईट www.jssbbsastar.cgstate.gov.in तथा जिला कार्यालय बीजापुर के वेबसाईट bijapur.gov.in एवं कार्यालय कलेक्टर के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है।आवेदक द्वारा 01 नवम्बर से ऑनलाईन आवेदन किये जा सकते हैं। पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट से प्रेषित किये जाने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेगें।

सरोजनी चौक कुरुद में मनमोहिनी रुप में विराजी माँ लक्ष्मी

कुरुद/नवप्रदेश। रोशनी और जगमग-जगमग दीपो से सजे त्यौहार दीपावली के अवसर पर कुरुद नगर में प्रतिवर्ष की परम्परा के तहत सरोजनी चौक कुरुद में धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में धन की देवी महालक्ष्मी की मनमोहक प्रतिमा विराजित की गई है। रोशनी के पर्व दीपावली में जंहा पूरा देश जगमग उजाले और फटाखो की गूंज से गूंज उठता है,वही हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़ में सुवा नृत्य,गौरी-गौरा पूजन ,गोवर्धन पूजन,मातर, महालक्ष्मी की विशेष स्थापना और पूजा-अर्चना से मनभावन वातावरण का निर्माण करता है। नगर के शिक्षक व स्थानीय निवासी मुकेश कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को नगर के सरोजनी चौक में शुभमुहूर्त में धन की देवी श्री महालक्ष्मी जी की मनमोहक प्रतिमा की स्थापना की गई।इन पांच दिनों तक सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा अर्चना कर एक सूत्र में पर्व को मनाने की परंपरा से एकता का भाव निर्मित होता दिख रहा है,वही धनतेरस के दिन से ही नगर के गौरा चौको में गौरा-गौरी जगाने और विधि विधान से उसका निर्माण कर पूजा अर्चना का सिलसिला पारंपरिक बाजे-गाजे की मधुर ध्वनि के साथ प्रारम्भ हो गया है। दीपावली की रात गौरा-गौरी को विराजित कर अगले दिन उसका विसर्जन होगा,इसी तरह गोवर्धन पूजन के अगले दिन भाई दूज के दिन महालक्ष्मी को विदाई दी जाएगी।अनेकता में एकता और प्रेम-सौहार्द भाव को अपनाते हुए लोग इस पांच दिवसीय पर्व को आस्था भाव से मनाते हुए अमन और शांति का सन्देश दे रहे हैं।यह जानकारी मुकेश कश्यप ने दी।

लोकवाणी में मुख्यमंत्री ''उद्यमिता और जनसशक्तिकरण का छत्तीसगढ़ मॉडल'' पर करेंगे बात

नारायणपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार ''उद्यमिता और जनसशक्तिकरण का छत्तीसगढ़ मॉडल'' पर बातचीत करेंगे। इस मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 23वीं कड़ी का प्रसारण 14 नवंबर रविवार को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों, एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चौनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

थाना छोटेबेठिया क्षेत्रांतर्गत नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील ग्राम ताड़वेली के पास

जंगल में बना नक्सली स्मारक को सुरक्षा बलों ने किया ध्वस्त

कांकेर/नवप्रदेश। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत श्री पी.सुन्दरराज (भा.पु.से) पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, श्री एस.के. त्यागी महानिरीक्षक बीएसएफभिलाई, श्री बालाजी राव सोमावार (भा.पु.से) पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर, श्री तेजेन्दर पाल सन्धु उप महानिरीक्षक बीएसएफ दुर्ग के मार्गदर्षन, श्री शलभ कुमार सिन्हा (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक कांकेर, श्री धनंजय मिश्रा कमांडेण्ट 132वीं वाहिंनी बीएसएफ बांदे के निर्देषन, श्री जी.एन.बघेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर, श्री धीरेन्द्र पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर, श्री अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेषन कांकेर, श्री मयंक तिवारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पखांजूर के पर्यवेक्षण में दिनांक 03.11.2021 को

एग्रेसिवऑप्स के तहत् 132 वीं वाहिनी बीएसएफ की सीओबी मरबेड़ा, पानावार से श्री गिरीष कुमार एसी, श्री बी.के. रॉय इंस्पेक्टर, श्री विजय पाल सिंह इंस्पेक्टर के हमराह बीएसएफ्डीईएफ की संयुक्त टीम थाना छोटेबेठिया क्षेत्रांतर्गत नक्सल प्रभावित अति संवेदनषील ग्राम मरबेड़ा, ताड़वेली, रेंगावाही, जोनावार, माड़पखांजूर, उलिया की ओर नक्सल गस्त सर्चिंग पर रवाना हुई थी। आज दिनांक 03.11.2021 को नक्सल गस्त सर्चिंग के दौरान बीएसएफ्डीईएफ की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम ताड़वेली के पास जंगल में माओवादियों द्वारा मृत माओवादी की याद में बनाये गये नक्सली स्मारक को ध्वस्त किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनषील उक्त क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है, जिससें क्षेत्र में माओवादियों की गतिविधियों में अंकुष लगने से ग्रामीणों को भय मुक्त वातावरण मिला है।

हज 2022 के लिए ऑनलाईन हज आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

■ प्रदेश में 38 ई-हज सुविधा केन्द्रों पर नि:शुल्क आवेदन भरे जाने की सुविधा

■ अंतिम तिथि 31 जनवरी 2022

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी/सचिव ने बताया कि केन्द्रीय हज कमेटी भारत सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार हज 2022 के लिए केन्द्रीय हज कमेटी भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष में एक नवम्बर 2021 से ऑनलाईन हज आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऑनलाईन हज आवेदन एवं सम्पूर्ण नियमावली व आवश्यक दिशा-निर्देश केन्द्रीय हज कमेटी भारत सरकार की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर उपलब्ध है। विगत वर्ष की भांति ही संपूर्ण प्रक्रिया का डिजिटाईजेशन करने के फलस्वरूप इच्छुक आवेदकों द्वारा केन्द्रीय हज कमेटी भारत सरकार को मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए ही अपना हज आवेदन ऑनलाईन किया जा सकता है। साथ ही पूरे प्रदेश में 38 ई-हज सुविधा केन्द्र पर भी आवेदकों द्वारा अपना निःशुल्क आवेदन भर जाने की सुविधा राज्य हज कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई गई है। ऑनलाईन हज आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2022 निर्धारित की गई है। राज्य हज कमेटी कार्यालय द्वारा समस्त इच्छुक हज आवेदकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित नियमावली एवं दिशा-निर्देशों का अवलोकन करते हुए अपना हज आवेदन प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है।

तीसरी किस्त की राशि मिलने पर किसानों की खुशी हुई दुगुनी

■ जिले के 4 हजार 7 सौ किसानों को 3 करोड़ 18 लाख रूपए की तीसरी किस्त का हुआ भुगतान

नारायणपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य के धान उत्पादक करीब 21 लाख किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 1500 करोड़ रूपए आदान सहायता के तीसरी किश्त की राशि का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया। इस राशि में से धान उत्पादक किसानों के खाते में 1500 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई। शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत दीपावली त्यौहार एवं पर्व के अवसर पर किसानों को तीसरी किस्त की राशि मिलने पर खुशी दुगुनी हो गई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने खरीफ वर्ष 2020-21 के लिए नारायणपुर जिले के लिए कुल 4 हजार 7 सौ 36 किसानों के लिए द्वितीय किश्त राशि 3 करोड़ 18 लाख 37 हजार रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरित की है। खेती-किसानी के साथ ही दीपावली पर्व त्यौहारों के समय राशि मिलने पर किसानों में हर्ष व्याप्त है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का आदेश दीपावली सहित अन्य पर्वों पर पटाखे फोड़ने की अवधि सीमित

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों का पालन करने की लोगों से की अपील

नारायणपुर/नवप्रदेश। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बैंच, नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध आदेश पारित किया गया है। पारित आदेश में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग करने कहा गया है। दीपावली, छठ, गुरू पर्व तथा नया वर्ष, क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोड़ने की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। दीपावली पर्व में पटाखा फोड़ने की अवधि रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक, गुरू पर्व में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, नया वर्ष एवं क्रिसमस में रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक निर्धारित की गई है। कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस्ड ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है।

पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिए गए हैं जिनके द्वारा पटाखों में लिथियम आरसेनिक एंटीमनी लेड एवं मरकरी का उपयोग किया गया है। ऑनलाइन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाइटो जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगा। पटाखों का बहुतायात में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। अतएव उच्चतम न्यायालय एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में उल्लेखित आदेशों का पालन किया जाना आवश्यक है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री मोबिन अली ने दीपावली, छठ पूजा, गुरू पर्व, नया वर्ष एवं क्रिसमस में माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली के आदेशों का पालन करने की अपील जिले के समस्त नागरिकों से की है।

दीपावली बाजार | मिट्‌टी के दीए का उपयोग हर किसी को करना चाहिए

यहां कलेक्टर पहुंचे बाजार और खरीदें मिट्टी के दीए

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री दीपक सोनी आज सुबह टेकनार रोड पहुंचे। यहां पर उन्होंने ग्रामीणों से मिट्टी के दीए खरीदे। इस दौरान उन्होंने मिट्टी के दीए बेच रहे ग्रामीणों से बातचीत की। कहा उन्हें दिए बेचने में कोई तकलीफ परेशानी तो नहीं होती। पूछा कि बाजार मे उन्हें कोई समस्या तो नही है। कलेक्टर सोनी ने बताया कि उन्होंने दीपावली पर्व पर बाजार से स्वयं मिट्टी के दीए खरीदे हैं। इसका उपयोग किया जाएगा। उन्होंने जिले वासियों से भी मिट्टी के दीए का उपयोग करने की बात कही। ताकि इस लघु कुटीर उद्योग में लगे परिवारों की

आय में वृद्धि हो सके। मिट्टी के दीए का उपयोग हर किसी को करना है। यह पर्यावरण की दृष्टि से भी बेहतर है। उल्लेखनीय है कि स्वयं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस पर्व के अवसर पर स्थानीय कुम्हारों, बुनकरों, हस्तशिल्पों, स्व-सहायता समूहों, कारीगरों के हाथों से बनी हुई वस्तूएं उपयोग में लाने की अपील की है। इस बार ऐसी व्यवस्था भी की गई है कि स्थानीय निर्मित सामग्रियों को बेचने के लिए जगह उपलब्ध हो और कोई कर या शुल्क न लिया जाए।

हरित पटाखों को फोड़ने की अवधि 2 घंटा निर्धारित

दन्तेवाड़ा /नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा पटाखों को फोड़ने की अवधि 02 घंटा निर्धारित की गई है। दीपावली पर रात्रि 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा प्रातः 06 बजे से प्रातः 08 बजे तक, गुरू पर्व रात्रि 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा नया वर्ष/क्रिसमस में रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक पटाखा फोड़ने की अनुमति होगी। उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुरूप कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाईसेंस्ड ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाईसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये हैं, जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाईटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने जिले के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जावे।

■ न्यूज गैलरी

बैंक से पैसा निकालने पहुंचे ग्रामीणों को शाम 4 बजे मिला सुकून

रायपुर/नवप्रदेश। कल गुरूवार को दीपावली पर्व का लक्ष्मी पूजन त्यौहार है और बैंक बंद रहेगा । इस हालात में केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर के मंदिरहसौद शाखा में पैसा निकालने पहुंचे ग्रामीणों को देर शाम तक पैसा प्राप्त करने इंतजार करना पड़ा क्योंकि बैंक में भुगतान लायक रकम नहीं था । अपरान्ह करीबन 3 बजे शाखा के पास से गुजरते किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा को बैंक पहुंचे किसानों ने इसकी जानकारी दी । शाखा पहुंच जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी ली तो वहां के कर्मियों सहित मौजूद वृहताकार कृषि सहकारी साख समिति मंदिर हसौद के संचालक प्रेमनारायण मिश्रा ने बतलाया कि पैसा खत्म होने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है । मुख्यालय से निरंतर संपर्क जारी है और शीघ्र रकम भेजने का आश्वासन मिल रहा है पर पहुंचा नहीं है । इस पर श्री शर्मा ने बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा से मोबाइल पर संपर्क कर स्थिति की जानकारी दी जिन्होंने शीध्र रकम भिजवाने का आश्वासन दिया जिसके बाद करीबन 4 बजे रकम ले बैंक का वाहन पहुंचा । इसके बाद ही किसानों को भुगतान का काम शुरू हुआ जो शाम ढले तक चलता रहा ।

नगर निगम जोन 6 स्वास्थ्य विभाग ने मिठाई दुकान में गन्दगी मिलने पर किया 1500 रूपये का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 6 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन के तहत भाटागांव के आछी तालाब के समीप एक मिठाई दुकान के संचालक पर दुकान के निरीक्षण के दौरान गन्दगी एवं स्वच्छता का अभाव मिलने पर जोन क्रमांक 6 के जोन कमिश्नर श्री विनोद पाण्डेय के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजीव शर्मा की उपस्थिति में सम्बंधित मिठाई दुकानदार को भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देते हुए 1500 रूपये का जुर्माना किया। इस सम्बन्ध में प्राप्त जनशिकायत मिठाई दुकान के निरीक्षण के दौरान सही पायी गयी, जिस पर जुर्माना कार्यवाही कर प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

रसोईया का मानदेय अब 1500 प्रति माह

नारायणपुर/नवप्रदेश। मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोईयों को अब 1500 रूपए प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। राज्य शासन द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोईया मानदेय की राशि 1200 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 1500 रूपए प्रति माह किए जाने की सहमति प्रदान की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी आदेशानुसार यह स्वीकृति वित्त विभाग के द्वारा दी गई सहमति और राज्य स्तरीय संचालन सह मॉनिटरिंग समिति की बैठक के अनुसार दी गई है।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का 5 नवम्बर को दीपावली मिलन समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा प्रतिवर्षानुसार दीपावली मिलन समारोह शुक्रवार, दिनांक 05 नवम्बर, 2021 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में आयोजित की गई है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के व्यापारियों, उद्योगपतियों, व्यवसायिक संगठनों के पदाधिकारियों/ सदस्यों एवं आम जनता को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की, एवं चेम्बर के सभी सदस्यों को चेम्बर द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है ।

श्री सत्यनारायण मंदिर का अन्नकूट महोत्सव आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कारधानी नगरी में विराजित भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर में गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर दीपावली के दूसरे दिन अन्नकूट प्रसादी का कार्यक्रम पिछले 100 वर्षो से संपन्न होता आ रहा है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया सचिव सुरेश अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष अन्नकूट महाप्रसादी का कार्यक्रम कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा, 5 नवंबर शुक्रवार को आयोजित किया गया है, श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित अन्नकूट महोत्सव में बिना किसी भेदभाव के प्रसादी वितरण का कार्यक्रम संपन्न होता है। अतः प्रसाद प्राप्त करने वाले भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति ने पिछले 6 वर्षों से अन्नकूट कार्यक्रम श्री सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित करना प्रारंभ किया है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल उत्सव प्रभारी राजेश शर्मा, पवन लोहिया, श्याम खंडेलवाल, लक्ष्मण लोहिया, राजेश अग्रवाल सहित अन्य अनेक स्वयं सेवक कार्यकर्ता इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए जुटे हुए हैं। श्री सत्यनारायण मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित बद्री महाराज एवं पंडित कालू महाराज ने जानकारी दी है कि श्री सत्यनारायण मंदिर में अन्नकूट प्रसादी की आरती 3:30 बजे आयोजित होगी, उसके पश्चात अखंड ब्रम्हांड नायक भगवान राधा-कृष्ण श्री सत्यनारायण धर्मशाला के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां पर विराजित श्री हनुमान जी महाराज की आरती होने के पश्चात अन्नकूट प्रसादी का वितरण दोपहर 4:00 बजे से प्रारंभ होगा। समिति ने नगर के धर्म प्रेमी भक्तों से आग्रह किया है अन्नकूट प्रसादी प्राप्त करने श्री सत्यनारायण धर्मशाला में उपस्थित होकर धर्म लाभ एवम प्रसादी प्राप्त करें।

220/132 केव्ही उपकेन्द्र परसवानी में नया पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा शहरों की भांति सुदूर ग्रामीण अंचलों की पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्य शासन की ऊर्जा नीति के अनुरूप उच्चस्तरीय प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे कारगर प्रयासों और सुनियोजित कार्ययोजना का क्रियान्वयन करते हुए 220/132 के.व्ही.उपकेन्द्र परसवानी (महासमुंद) में 160 एमव्हीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना कर चार्जिंग करने में 03 नवम्बर को कामयाबी मिली। नये पॉवर ट्रांसफार्मर का ऊर्जीकरण ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी श्री संजय तेलंग, कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे, मुख्य अभियंता (संचा-संधा) श्री डी.के. चावड़ा एवं अधीक्षण अभियंता सर्वश्री एस.एन. व्यास, आर.के. तिवारी, पी.के. गढ़ेवाल, उमाकांत यादव, प्रशांत साहू, इंदु ठाकुर, करूणेश यादव की उपस्थिति में किया गया।

उक्त संबंध में ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री संजय तेलंग ने बताया कि लगभग 8.64 करोड़ रूपये की लागत से स्थापित इस नये पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से महासमुंद, पिथौरा एवं राजिम के लगभग ढाई सौ गॉवों को समुचित वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। 220/132 केव्ही परसवानी अतिउच्चदाब उपकेन्द्र में यह तीसरा पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है।

आगे उन्होंने बताया कि प्रदेश में उपभोक्ताओं की बढ़ती हुई संख्या को दृष्टिगत रखते हुए नये अतिउच्चदाब उपकेन्द्रों की स्थापना के साथ ही पूर्व से स्थापित उपकेन्द्रों की क्षमता में वृद्धि की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में परसवानी उपकेन्द्र में 160 एमव्हीए क्षमता का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इससे लगभग 3 लाख से अधिक कृषि पम्प कनेक्शन उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने मे सहायता मिलेगी।

प्रदेश की विद्युत पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए ईएचटी उपकेन्द्रों के रखरखाव, कुशल प्रबंधन और बेहतर निगरानी को कार्यशैली में प्राथमिकता से शामिल किया गया हैं। वर्तमान में 123 नग अतिउच्चदाब उपकेन्द्र एवं उससे सम्बद्ध 13,345 सर्किट किलोमीटर लाईनों के माध्यम से सुदूर अंचलों तक सतत् विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

छग मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव

10 हजार से अधिक मतों से जीते चोवा राम

समाज का चुनाव धन से नहीं जन से ही जीता जा सकता है : चोवा राम

- समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे
- समाज के कुछ नियमो में बदलाव की जरूरत है

अर्जुनी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष का प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव अंततः चोवाराम वर्मा ने 10 हजार 403वोट से भी अधिक मतों से शानदार जीत दर्ज कर अपने नाम कर लिए । केंद्रीय अध्यक्ष सहित 6 राज प्रधानों का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से रविवार को संपन्न हुआ जहां प्रदेश भर के सामाजिक लोगो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसके लिए गांव-गांव पोलिंग बूथ और मतदान केंद्र बनाया गया इस चुनाव में पहले से चोवाराम वर्मा का पक्ष भारी था और सभी राज्यो में उन्हें भारी जनसमर्थन मिला चोवाराम के जीत के पीछे उनको मिले भारी जनसमर्थन के साथ साथ उनका नेतृत्व क्षमता प्रखर वक्ता धर्मराज की तरह समाज में लोगों के साथ न्याय करना पिछले 35 सालों से सामाजिक पदों में रहकर समाज की सेवा करने का ही परिणाम है कि आज चोवा राम वर्मा भारी मतों से विजय हुए।

उन्होंने संवाददाता से किए खास बातचीत में कहा कि ये जीत समाज की है मेरी नहीं ।उन्होंने कहा कि समाज का चुनाव धन से नहीं बल्कि जन से ही जीता जा सकता है मैने अपने जीवन के 35 साल समाज के सेवा में लगाया है और आज उसी का परिणाम है कि मुझे समाज ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंप दिया है उन्होंने समाज के नियमो में कुछ बदलाव की जरूरत है।

चुनाव की प्रक्रिया में भी बदलाव करने की जरूरत है क्योंकि समाज का पद सेवा के लिए है लोग इसे दूसरे तरीके से न ले क्योंकि जिस तरह लोग चुनाव जीतने के लिए धन बल का प्रयोग करते है इससे समाज में अच्छे दिशा में नहीं जाएगा इस लिए चुनाव के प्रक्रिया में बदलाव लाना होगा और जो व्यक्ति वयस्क है उसका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा वही उन्होंने कहा कि अब समाज जाग चुका है तथा कोई भी उसका शोषण नहीं कर सकता उन्होंने कहा कि हर राजनीतिक पार्टी को ये बात स्वीकार करना होगा जिसकी जितनी भागीदारी उतना उसका हिस्सेदारी देना पड़ेगा।

सभी वर्ग के लोगों ने चोवा राम को दिया समर्थन

चोवा राम के चुनाव प्रचार सभी युवा बुजुर्ग महिला नौजवान लोगो ने खुलकर उनके लिए काम किया ज्ञात हो कि पिछला केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव वह जीतने के करीब में थे और तभी चुनाव स्थगित हो गया जिसका लाभ इस चुनाव में चोवा राम को मिला।वही इस बार केंद्रीय अध्यक्ष के लिए 7 प्रत्याशी मैदान पर थे जिसमे अनीता वर्मा व,चोवा राम के बीच सीधी टक्कर थी चोवा राम वर्मा को सभी 10 राज्य में जबरदस्त वोट मिले जबकि अन्य प्रत्याशियों का प्रभाव अपने अपने क्षेत्र में है सीमित रह गए । चुनाव में केंद्रीय अध्यक्ष प्रत्याशी चोवा राम को 29529 से अधिक वोट मिले जबकि बाकी प्रत्याशियों का अपने अपने क्षेत्र में ही सीमित हो जाने से कम मत मिले। अनीता वर्मा को 19116 वोट मिले जिससे वह दूसरे स्थान पर रही है।

मुख्यमंत्री ने भी धान की झालर चिरई-चुगनी से सजाया घर

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने भिलाई 3 स्थित निवास को परंपरानुसार धान की झालरों से सजाया है। इन झालरों को चिरई-चुगनी कहा जाता है। यह धान के परिपूर्ण भंडार की कामना के साथ शुभ और मंगल की अभिव्यक्ति का प्रतीक है। यह प्रकृति के प्रति किसानों की कृतज्ञता की अभिव्यक्ति भी है।

सीएम बघेल ने देवव्रत सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया

- मुख्यमंत्री ने कहा- राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधायक और पूर्व सांसद श्री देवव्रत सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्री बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ ने एक ऊर्जावान और लोकप्रिय जनप्रतिनिधि को खो दिया है। श्री सिंह का कम उम्र में निधन प्रदेश की राजनीति को अपूरणीय क्षति है। श्री देवव्रत सिंह खैरागढ़ विधानसभा से चार बार विधायक और एक बार राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे हैं। मुख्यमंत्री ने श्री देवव्रत सिंह के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्री देवव्रत सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य-गीत के रचयिता डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा को उनकी जयंती पर किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रसिद्ध साहित्यकार, भाषाविद् और छत्तीसगढ़ राज्य-गीत के रचयिता डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा को उनकी जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा को याद करते हुए कहा है कि डॉ. वर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा-अस्मिता को बनाए रखने और यहां की संस्कृति को विशिष्ट पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने कवि, चिंतक, उपन्यासकार, नाटककार, सम्पादक और मंच संचालक जैसी कई भूमिकाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। अंग्रेजी में भी उन्होंने अपनी रचनाएं लिखीं। अपनी ओजपूर्ण वाणी और अकाट्य तर्कों से वे किसी को भी पलभर में प्रभावित करने की क्षमता रखते थे। युवा उत्सव के समारोह में उन्होंने अपने विचारों से तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को भी गहराई तक प्रभावित किया था। 'अरपा-पइरी के धार, महानदी हे अपार......' के रूप में उन्होंने अमर रचना दी है, जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी का वैभव एक बारगी साकार हो उठा है। यह गीत डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा की पहचान और छत्तीसगढ़ का मान बन गया है। उनकी कलम से निकला यह गीत राज्य गीत के रूप में आज बस्तर से लेकर सरगुजा तक छत्तीसगढ़वासियों की आत्मा का गान बन चुका है। छत्तीसगढ़ की ऐसी वंदना उनका सच्चा सपूत ही कर सकता है। श्री बघेल ने कहा कि डॉ.नरेंद्र देव वर्मा ने जो भी लिखा, वह लोगों की अंतरआत्मा में उतर गया। उनकी रचनाओं में छत्तीसगढ़ के जनजीवन तथा संस्कृति का सजीव चित्रण मिलता है। उनके हिंदी उपन्यास 'सुबह की तलाश' जब छत्तीसगढ़ी में अनुवाद के बाद ''सोनहा बिहान'' के रूप में लोगों के बीच रंगमंच के माध्यम से पहुंचा, तब इसने आम लोगों में सुनहरी सुबह के साकार होने की आशा जगा दी।

कार्रवाई — मुखबिरों को सक्रिय कर कल मंगलवार को शराब बेचते पकड़े गए

शिकायत पर सक्रिय हुये थाना अमला ने शराब कोचिया सहित 5 को दबोचा

रायपुर/नवप्रदेश । अनुसूचित जाति बाहुल्यधारी ग्राम कुटेसर के ग्रामीण व्यवस्था चरमरा जाने के कारण यहां के असामाजिक तत्वों द्वारा बेखौफ शराब बेच आसपास के ग्रामों में अशांति फैलाने और आसन्न दीपावली पर्व पर इसके चलते कोई अनहोनी घटित हो जाने की? आशंका को ले नजदीकी ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा की? गयी शिकायत को मंदिर हसौद थाना प्रभारी द्वारा गंभीरता से लेने के बाद सक्रिय थाना अमला ने बीते कल मंगलवार को ही एक शराब कोचिया सहित 5 युवकों को धर दबोचने में सफ्लता हासिल की? है । इनके खिलाफ दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर कार्यपालन दंडाधिकारी के आदेश पर इन्हें जेल दाखिल करा दिया गया है ।

ज्ञातव्य हो कि बीते सोमवार को ही कुटेसर में चल रहे असामाजिक गतिविधियों के चलते आसपास के ग्रामों का वातावरण अशांत रहने और आसन्न दीपावली पर्व पर कोई अनहोनी घटित होने की आंशका को ले आसपास के ग्रामों के जागरूक ग्रामीणों ने थाना प्रभारी विरेन्द्र चंद्रा को देने के साथ-साथ क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा को दी? थी । श्री शर्मा ने सरपंच श्रीमती कामिनी यादव के प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव व कतिपय ग्राम प्रमुखों से चर्चा कर आसपास के ग्रामों सहित कुटेसर के हित में भी इस पर अंकुश लगाने आगे आने का आग्रह करते हुये थाना प्रभारी श्री चंद्रा से शिकायत की पुष्टि करवा कार्यवाही का आग्रह किया था । श्री चंद्रा ने शिकायत मिलते ही मुखबिरों को सक्रिय कर कल मंगलवार को पूर्वान्ह ही पूर्व में शराब बेचते पकड़े जा चुके अजीत कुर्रे सहित 5 युवकों को शांति भंग करने की आंशका मे पुलिस अमला से दबोचवाने में सफ्लता हासिल की? । पुलिस सूत्रों के अनुसार कतिपय शराब बेचने वाले पुलिसिया दबिश की भनक लगते ही भाग निकलने में सफ्ल हो गये जिनकी तलाश जारी है । इधर सपड़ में आये इन पांचों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्यवाही कर कार्यपालन दंडाधिकारी के आदेश पर जेल भेज दिया गया है । मंदिरहसौद भाजपा मंडल के अध्यक्ष कृष्णा वर्मा ने प्रतिबंधात्मक धारा के? तहत थाना द्वारा कार्यवाही किये जाने वाले विध्नसंतोषियो को दीपावली पर्व पर ग्रामों में शांति व्यवस्था बनाये रखने पर्व संपन्न होने तक जेल में रखने सुनिश्चित व्यवस्था की मांग जिला दंडाधिकारी रायपुर व कार्यपालन दंडाधिकारी आरंग से करते हुये आगाह किया है कि पर्व समाप्ति के पूर्व छोड़े जाने पर इनकी वजह से घटित होने वाले किसी घटना के? लिये शासन - प्रशासन जिम्मेदार रहेगा ।